हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 अप्रैल 2024




# पंचमी में चढ़ेगा माई को 500 ग्राम का स्वर्ण मुकुट, प्रसाद के लिए पहली दफा चांदी की थाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

आज से नवरात्र पर्व की शुरूआत होने जा रही है। प्रदेशभर में माता देवालयों में इसको लेकर विशेष तैयारियां की गई है। इसी प्रकार से डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दरबार में भी नवरात्र को खास बनाने के इंतजाम किए गए हैं। पहली बार मां को 500 ग्राम सोने का मुकुट पंचमी के अवसर पर चढ़ाया जाएगा। खास बात यह है कि यह वही सोना है, जो भक्तों द्वारा मां को समर्पित किया गया था। इसके अलावा अब से भक्तों द्वारा चढ़ाए जाने वाले प्रसाद को लेने के लिए चांदी की थाली का उपयोग किया जाएगा। मंदिर समिति ट्रस्ट ने करीब दस किलो चांदी के ऐसे पात्र की खरीदी की है। आज अग्रवाल समाज द्वारा एक शव वाहन का भी दान मंदिर समिति ट्रस्ट को किया जाएगा। ऐसे ही नवरात्र के अवसर पर मां के दरबार में आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए भी कई इंतजाम किए गए हैं। जिसमें रोप-वे से उपर जाने वाले भक्तों के लिए गर्मी को देखते हुए वेटिंग हॉल में एसी की व्यवस्था की गई है। दो बड़े पंखे भी लगाए गए हैं। वहीं पूरी नवरात्र के दौरान मां की विशेष पूजा भी की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार कल प्रातःकाल से ही मां बम्लेश्वरी ऊपर एवं नीचे मंदिर में माताजी के प्रातःकालीन अभिषेक आरती के साथ 9 दिन तक दिन-रात माताजी की विशेष पूजा का कार्यक्रम शुरू होगा।

## डोंगरगढ़ में भक्तों की सुविधा के लिए भी कई पहल, पांच एक्सप्रेस ट्रेनों का भी नवरात्र में रहेगा स्टॉपेज

### रोप-वे का 120 रुपए चार्ज

लाखों की संख्या में आने वाले भक्तों को सुविधा देने के लिए मंदिर समिति द्वारा रोप-वे का भी संचालन किया जाता है। नवरात्रि पर्व में बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों की रोपवे व्यवस्था के तहत प्रातः 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक समय निर्धारित किया है। नवरात्रि में दर्शनार्थियों को आने-जाने का 120 रुपए मात्र जाने का 80 रुपए और आने का 60 रुपए दर निर्धारित किया गया है।





### तैयारियां पूरी

नवरात्र को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां की जा चुकी है। पंचमी के अवसर पर मां को सोने का मुकुट चढ़ाया जाएगा। भक्तों के लिए सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

- **मनोज अग्रवाल**, अध्यक्ष मां बम्लेश्वरी मंदिर समिति ट्रस्ट

### स्वास्थ्य सुविधाएं रहेगी

पदयात्रियों की सेवा हेतु पंचायतों के माध्यम से पंडाल लगाकर उनके जलपान एवं रूकने की व्यवस्था की जाएगी, जहां स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से अस्थाई कैम्प भी लगाए जाएंगे। तत्कालीन वैकल्पिक इस व्यवस्था में स्वास्थ्य विभाग के जवाबदार अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे। नीचे मंदिर, ऊपर मंदिर में भी स्वास्थ्य विभाग के जवाबदार डॉक्टर 24 घंटे ड्यूटी में होंगे। एम्बुलेंस वाहन की व्यवस्था भी रहेगी। साथ ही शासकीय अस्पताल में भी 24 घंटे विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है।

## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रूप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया, उसमें सभी देवताओं को बुलाया, लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती को जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकरजी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकरजी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा, तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रूप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्घकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

## कुल 23 ने दाखिल किया था नामांकन, नाम वापसी के बाद 15 ही मैदान में बचे

# तस्वीर साफ..रण में बचे 15 प्रत्याशी

# चार ने लिया नाम वापस, चुनाव चिन्ह आवंटित


हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन दाखिले के बाद अब नाम वापसी की प्रकिया भी पूरी कर ली गई है। सोमवार दोपहर तीन बजे तक चली इस प्रक्रिया के दौरान कुल चार निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस लिए हैं। इसके बाद चुनावी रण में अब 15 प्रत्याशी शेष रह गए हैं, जिनके बीच मुकाबला होने वाला है। इन प्रत्याशियों को दोपहर बाद ही चुनाव चिन्ह का आबंटन भी कर दिया गया है। आज से सभी का प्रचार अभियान भी तेजी पकड़ते नजर आएगा।

उल्लेखनीय है कि 244 लोगों के नाम निर्देशन पत्र यानि नामांकन पत्र लेने से मची खलबली के बाद राजनांदगांव सीट चर्चा में आई थी। हालांकि अंतिम समय से पहले तक केवल 23 अभ्यर्थियों ने ही अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। जिनमें से स्क्रूटनी की प्रक्रिया के दौरान ही चार अभ्यर्थियों के नामांकन को रिजेक्ट कर दिया गया था। उसके बाद 5 से 8 अप्रैल के बीच नाम वापसी की प्रक्रिया जारी रही। अंतिम समय से पहले तक चार लोगों ने अपना नाम वापस लिया है। नाम वापस लेने वालों में निर्दलीय फार्म दाखिल करने वाले रमेश यादव, श्रीकांत कसेर, रेखचंद मंडले और महेंद्र कुमार साहू शामिल हैं। इससे पहले जिन चार लोगों को नामांकन रिजेक्ट किया गया था उनमें गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नरेश मोटघरे, निर्दलीय दाउ सिंह चौहान, गजेंद्र साहू और सचिदानंद कौशिक शामिल थे।

### खास बातें

- भाजपा से संतोष पांडे और कांग्रेस से पूर्व सीएम भूपेश बघले चुनावी रण में शामिल
- 26 अप्रैल को मतदान, 24 अप्रैल तक मिलेगा प्रचार का समय
- चुनावी मैदान में 8 निर्दलीय, 3 राष्ट्रीय दल के प्रत्याशी







### कमल-पंजे के साथ आटो रिक्शा और हीरा

बसपा के अभ्यर्थी देवलाल सिन्हा को हाथी, कांग्रेस के भूपेश बघेल को हाथ, भाजपा संतोष पाण्डेय को कमल, शक्ति सेना के नारद प्रसाद निषाद को गैस सिलेण्डर, भाशचे पार्टी रमेश राजपूत को बांसुरी, न्याय धर्म सभा के रामफल पाटिल को हीरा, हमर राज पार्टी के अभ्यर्थी श्रीमती ललिता कंवर को बाल्टी, राजपा के अभ्यर्थी लाखन सिंह टंडन को नारियल फार्म तथा निर्दलीय अजय पाली को गन्ना किसान, त्रिवेणी पडोती को ऑटो-रिक्शा, बसंत कुमार मेश्राम को चारपाई, भुवन साहू को सीसीटीवी कैमरा, विशेष धमगाये को सिलाई की मशीन, एएच सिद्दीकी को सीटी, सुखदेव सिन्हा को अलमारी प्रतीक चिन्ह आबंटित किया गया है।

### प्रचार-प्रसार में आएगी अब तेजी

निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की जंग में उतरे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आबंटन किए जाने के साथ जहां रण की तस्वीर साफ हो गई है। वहीं अब चुनावी प्रचार-प्रसार में भी तेजी आएगी। संसदीय क्षेत्र में कई राष्ट्रीय नेताओं की सभाओं की भी तैयारी चल रही है। वहीं भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी द्वारा लगातार गांवों में रोड-शो कर जनसंपर्क भी किया जा रहा है। अन्य पार्टियों ने भी प्रचार की रणनीति तैयार कर रखी है।

### पिछले चुनाव में भी थे इतने ही प्रत्याशी

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के पिछले चुनाव में भी मैदान में कुल 15 प्रत्याशी ही थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में 14 प्रत्याशी थे। 2009 के चुनाव में भी 14 प्रत्याशी, 2004 के चुनाव में 7 प्रत्याशी, 1999 में 6 प्रत्याशी और 1998 के चुनाव में 6 प्रत्याशी थे। इससे पहले हुए 1996 के चुनाव में 32 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला हुआ था। यह संख्या इस सीट के इतिहास में सर्वाधिक रही है।

### एक ईवीएम का उपयोग

कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघले द्वारा 384 से अधिक प्रत्याशी होने पर बैलेट पेपर से चुनाव होने वाले बयान के बाद राजनांदगांव सीट से भी 244 लोगों ने नामांकन फार्म ले लिया था। जिसके बाद लग रहा था कि कितनी ईवीएम का उपयोग होगा, लेकिन अब नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद प्रत्याशियों की संख्या 15 पर आ गई है। एक ईवीएम में नोटा सहित 16 प्रत्याशियों के नाम आ सकते हैं। ऐसे में राजनांदगांव लोकसभा में हर केंद्र में एक ही ईवीएम में सभी प्रत्याशी के नाम आ जाएंगे।

### प्रचार के लिए 16 दिन

चुनावी रण की तस्वीर साफ होने के बाद अब प्रत्याशियों के पास अपने प्रचार के लिए 16 दिन शेष रह गए है। 24 अप्रैल की शाम तक प्रचार की अनुमति है। ऐसे में लोकसभा क्षेत्र के 2655 गांव तक पहुंचकर प्रचार करना इनके लिए चुनौतीभरा होने वाला है। हालांकि भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों ने अपना प्रचार पहले ही शुरू कर दिया है। अब अन्य दल के उम्मीदवार एवं निर्दलीय प्रत्याशी भी फिल्ड पर प्रचार करते हुए दिखाई देंगे।

## तीस लाख रुपए लेकर फरार नौकर सालभर बाद पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

एक व्यवसायी का 30 लाख रुपए लेकर फरार हुए आरोपियों को पुलिस ने हैदराबाद में पकड़ा, जिन्हें गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार 29 मई 2023 को कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी सी. वेंकटराम रेड्डी 41 वर्ष साकिन तुलसी टॉवर एफसीआई रोड़ राजनांदगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका नौकर सल्ला विनय जो उसके पास विगत 5 वर्षो से काम कर रहा था। लेवर पेमेंट एवं गाड़ी के भाड़े का पैसा 3000000 रुपए को उसके पास रखवाकर काम से बीजापुर गया था। प्रार्थी वापस आकर देखा तो नौकर सल्ला विनय उक्त रकम को लेकर फरार हो गया था। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में धारा 406 कायम कर विवेचना में लिया गया।

प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली से टीम गठित कर आरोपियों की लगातार पता तलाश किया जा रहा था।आरोपी तेलंगाना में भेष बदल-बदल कर घूम रहे हैं। तत्काल पुलिस टीम हैदराबाद (तेलंगाना) रवाना कर आरोपी सल्ला विनय उर्फ व्यकटेश पिता महेश रेड्डी 31 वर्ष साकिन सेकंड जोन मंदमारी जिला मंचीरियाल तेलंगाना व पोटु सुरेन्द्र रेड्डी पिता महेश्वर रेड्डी 27 वर्ष साकिन धरमावरम मंडल भीमावरम तेलंगाना को हैदराबाद में घेराबंदी कर हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया।

## माय एंगल




# ग्रामीणों ने दी चेतावनी, पेयजल नहीं तो वोट नहीं!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

लगभग तीन माह से पेयजल समस्या से जूझ रहे राजनांदगांव जिले के ग्राम पंचायत हालाडुला के सैकड़ों ग्रामीणों ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर दो-तीन दिनों में समस्या का समाधान नहीं होने पर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी है।

राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हालाडुला के दर्जनों ग्रामीणों का कहना है कि लगभग तीन माह से गांव में पेयजल संकट बना हुआ है। गांव में 5 से 6 हैंडपंप है, लेकिन गर्मी की वजह से जल स्रोत नीचे जा चुका है और हैंडपंप से पानी नहीं आ रहा है। ऐसे में उन्हें दो-तीन किलोमीटर दूर दूसरे गांव से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि पेयजल समस्या को लेकर इससे पहले पीएचई विभाग को आवेदन और मौखिक रूप से बताया गया था, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। इस वजह से समस्या के समाधान के लिए आज कलेक्टर को अवगत कराया जा रहा है।



### ठेकेदार ने नहीं कराया बोर खनन


गांव के सहदेवराम सुरेन्द्र और सुधा साहू ने बताया कि गांव में ग्रामीणों की मांग पर नल-जल योजना से टंकी बनाई गई है, लेकिन उसे टंकी को भरने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। टंकी निर्माण के वक्त कहा गया था कि नवीन बोर खनन कर इस टंकी को भरा जाएगा, लेकिन यहां बोर खनन नहीं किया गया है।

### समाधान की लगाई गुहार

लगभग तीन माह से पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट कार्यालय के गेट पर बैठकर समस्या के समाधान की गुहार कलेक्टर से लगाई है और पेयजल नहीं मिलने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है।

### पीएचई अफसरों के खिलाफ आक्रोश

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत हालाडुला में सभी हैंडपंप सूखने के बाद भी गांव का एक चार इंच का बोर मुख्य स्रोत रहा है, लेकिन पानी टंकी निर्माण के बाद इस बोर को टंकी से जोड़ दिया गया और इसमें 3 एचपी का मोटर लगाया गया, लेकिन यह मोटर टंकी में पानी चढ़ाने पर्याप्त नहीं है। टंकी निर्माण के वक्त ग्रामीणों ने एक बोर खनन करने का निवेदन पीएचई विभाग के अधिकारियों से किया था, लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया गया। अब आलम यह है कि गांव में टंकी बनने के बाद इस टंकी को भरने की व्यवस्था एचपी विभाग नहीं कर पाया है। जिसके चलते गांव में पेयजल संकट बना हुआ है।



## हल्की बारिश फसल के लिए बनी लाभदायक, कुछ जगह नुकसान

# दो दिनों में 30 मिमी बरसे बादल, मौसम बदलने से 8 डिग्री नीचे आया दिन का तापमान, 34 डिग्री पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाएं एवं एक द्रोणिका के असर से पूरे प्रदेश में मौसम बदल गया है। रविवार देर शाम से ही अंचल में बेमौसम बारिश के हालत निर्मित हैं। पिछले दो दिनों में ही जिले के भीतर 30 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। वहीं मौसम बदलाव का असर तापमान में भी देखने को मिला है। 42 डिग्री तक जा पहुंचा अधिकतम पारा अब लुढ़ककर 34 डिग्री पर आ गया है। इसमें 8 डिग्री का अंतर देखने को मिला है।

वहीं मौसम विभाग के अनुसार तापमान में वृद्धि अगले 72 घंटे के बाद ही देखने को मिलेगी। मौसम विभाग द्वारा सोमवार को जारी अपडेट के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मराठवाड़ा और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति उत्तर तटीय आंध्रप्रदेश से दक्षिण तमिलनाडु तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। वहीं प्रदेश में प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन लगातार जारी है। जिसके चलते कल मंगलवार 9 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है।



### अधिकतम-न्यूनतम दोनों लुढ़का

मौसम में आए बदलाव से लोगों को भी भीषण गर्मी से राहत मिली है। दो दिन पहले तक अंचल में दिन का तापमान 42 डिग्री और रात का पारा 27 डिग्री पर पहुंच गया था, परन्तु बे-मौसम बारिश से इसमें गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार को जारी मौसम बुलेटिन के अनुसार अंचल का अधिकतम पारा 36 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 21 डिग्री पर रहा।




## खबर संक्षेप

### कार्यकर्ताओं ने किया माइक्रो डोनेशन

**छुरिया।** भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भंडारपुर बूथ में कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर रविन्द्र वैष्णव, दशरथ चंद्रवंशी, देवसिंग पटेल, बृजलाल यादव, दुर्योधन साहू, नवीन निषाद, केशू साहू, बृजलाल साहू, सुकालु साहू, जगदेव चंद्रवंशी, भिखु यादव, दिग्विजय वैष्णव, श्याम रजक, गैंदलाल साहू, लोकेश पटेल, खिलेश्वरी चंद्रवंशी मौजूद थे। सभी ने नमो ऐप के माध्यम से माइक्रो डोनेशन किया।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए कविता चयनित

**डोंगरगांव।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहड़ की कक्षा 11वीं की



छात्रा कविता का चयन राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता जगदलपुर में कविता ने दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए क्रास कंट्री दौड़ में स्थान बनाया था। राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता बिहार में कविता छत्तीसगढ़ को प्रतिनिधित्व कररही है। उसे जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु, प्राचार्य टीआर नागवंशी, श्रीमती जी माहला, श्री आँचले, आरआर देवांगन, भुपेश यदु आदि ने बधाई दी है।

### नेमिता और किंजल का सम्मान



**डोंगरगांव।** प्राथमिक शाला सांगिनकछार की छात्रा नेमिता वर्मा एवं किंजल का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए हुआ है। उनके चयन में सहायक शिक्षक धनाराम पटेल का काफी योगदान रहा। श्री पटेल ने अतिरिक्त समय निकाल कर इन बच्चों को निःशुल्क कोचिंग दिया था। शीतकालीन अवकाश के दौरान शाला आकर बच्चों को नियमित रूप से प्रवेश परीक्षा की तैयारियां करवाया था। चयनित बच्चों एवं प्रधानपाठिका श्रीमती के साहू को एबीईओ रश्मि ठाकुर, बीईओ आरआर पात्रे, जनपद सीईओ नवरन ने सम्मानित किया।

### सामानों का वितरण



**छुरिया।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत बिचारपुर एवं कोठीटोला में शिविर का आयोजन किया। सुरक्षा बल ने ग्रामीणों को दैनिक उपयोग एवं कृषि संबंधी उपकरण जैसे सिलाई मशीन, वाटर फिल्टर, वाटर टंकी, गैती, फावड़ा, खुरपी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ चढ़कर भाग लिया।इस मौके पर सेनानी सिद्धार्थ कुमार, अशोक कुमार सिंह, ज्ञान चंद, उदित नारायन, राजीव कुमार शर्मा, डॉ. दिलीप, पुलिस चौकी प्रभारी, सरपंच एवं अन्य उपस्थित थे।

### लक्की का नवोदय में चयन

**पटेवा।** प्राथमिक शाला रेंगाकठेरा



के छात्र लक्की वर्मा आ प्रेमसिंग वर्मा ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। लक्की वर्मी को प्रधानाध्यापक केएल साहू, शिक्षक लिखन साहू, शिक्षिका पूर्णिमा नेताम, संकुल समन्वयक ज्ञानलाल साहू ने बधाई दी है।

---

### देवी मंदिरों में होगी कलश स्थापना, उमड़ेंगे श्रद्धालु

# आदिशक्ति की भक्ति का पर्व आज से, सजकर तैयार हुई धर्मनगरी

**अगले 9 दिनों तक होंगे विविध धार्मिक आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी के दरबार में कल मंगलवार से आस्था और भक्ति का अदभूत संगम देखने मिलेगा। कल से शुरू होने जा रहे नवरात्रि पर्व को लेकर प्रशासन और ट्रस्ट समिति ने सभी व्यवस्था कर लिया है। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया जारी रहने के कारण यहां आने वाले दशनार्थियों की सुरक्षा एवं अन्य सुविधा मुहैया कराने काफी चुनौती पूर्ण साबित हो सकता है।

नवरात्रि पर्व शुरू होने के पहले ही कलेक्टर एवं पुलिस कप्तान ने बैठक लेकर बेहतर व्यवस्था बनाने की रूपरेखा तैयार कर जिला एवं स्थानीय अधिकारियों को दायित्व सौंप दिया है। गर्मी को देखते हुए प्रशासन का पूरा ध्यान पेयजल मुहैया कराने के अलावा आगजनी की घटना पर नियंत्रण करने पर रहेगा। इसी कड़ी में मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट ने 9 दिन तक होने वाले ज्योति कलश स्थापना, यज्ञ, पूजन एवं अन्य धार्मिक आयोजनों की तैयारी पूर्ण कर ली है। कल प्रातः मां बम्लेश्वरी उपर एवं नीचे मंदिर में अभिषेक आरती के साथ 9 दिन तक विशेष पूजा होगी। इधर बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति ने माता के दरबार को आकर्षक रूप से सजाने के शॉवर टैक्नालॉजी की गोल्डन लाईट से सजाकर आकर्षण का केन्द्र बनाया है। समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि नीचे मंदिर एवं मंदिर के दरबार को वृंदावन के प्रेम मंदिर की तरह सजाया गया है।

#### रोपवे सुविधा रात 11 बजे तक

ऊपर मंदिर जाने के लिए दर्शनार्थियों का रोपवे सुविधा का लाभ प्रातः 7 से रात्रि 11 बजे तक मिलेगा। दर्शनार्थियों से आने जाने का 120 रूपए, केवल जाने का 80 और आने का 60 रूपए लिया जाएगा। शहर की ओर आने वाले मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायतों में पद्यात्रियों की सेवा के लिए पंचायतों द्वारा पंडाल लगाकर जलपान एवं रूकने की व्यवस्था की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार के लिए अस्थाई कैम्प लगाया जाएगा। नीचे मंदिर, उपर मंदिर में भी डाक्टर की 24 घंटे ड्यूटी रहेगी। एम्बुलेंस की व्यवस्था रहेगी। अस्पताल में भी 24 घंटे डाक्टरों की उपस्थिति रहेगी।





#### सुरक्षा के इंतजाम

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ने बताया कि पुलिस कप्तान की देखरेख में एएसपी, एसडीओपी, टीआई, एसआई, एएसआई, मेजर के अलावा सैकड़ो की संख्या में महिला पुलिस बल तैनात होगा।

#### जगमग होंगे ज्योति कलश

नवरात्र के पहले दिन माता के दरबार में देश- विदेश के भक्तों द्वारा ज्योति कलशों की स्थापना कराई जाएगी। उपर मंदिर में लगभग 8 हजार ज्योति कलशों की स्थापना होगी। ज्योत प्रज्जवलन का कार्य कल शाम 7 बजे शुरू होगा। नीचे मंदिर की 900 एवं शीतला मंदिर के 61 ज्योति कलशों की स्थापना की जाएगी। बाहर से आए आचार्य एवं विद्वान पंड़ितों के माध्यम से काल भैरव के आव्हान, छिनमस्ता माता एवं ग्राम देवी-देवताओं की पूजा अर्चना के साथ ही माता की प्रथम ज्योत स्थापना के बाद अन्य ज्योति कलशों को प्रज्जवलित किया जाएगा। ज्योति प्रज्जवलन से पहले सतबहिनी माता, छिनमस्ता माता, अन्य देवी देवताओं की पूजा के बाद नारियल भेंट कर कलश प्रज्जवलन की अनुमति बैगा ओमकार महोबिया, दीपक उइके लेंगे। दोपहर 1 बजे तक पूजा अर्चना के साथ उपर मंदिर, नीचे मंदिर एवं शीतला माता ज्योति प्रज्जवलन की तैयारी शुरू होगी।

#### मंदिरों में तैयारियां पूरी



**सड़क अतरिया।** कल मंगलवार से चैत्र नवरात्रि पर्व शुरु हो जाएगा। देवी मंदिरों में पर्व मनाने की तैयारी कर लिया गया है। देवी मंदिरों में बड़ी संख्या में ज्योति कलश जगमगाएंगे। मंगलवार की शाम को नर्मदा मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, बंजारी मंदिर, सिद्ध बाबा, शीतला मंदिर आदि में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाएगा। कुछ घरों में भी जोत ज्वारा स्थापना की तैयारी है। मंगलवार को हिन्दू युवा मंच एवं हिन्दू युवा संगठन ने नववर्ष मनाने की तैयारी किया है। सुबह भगवा रंग के रंगे गाजे बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा एवं मोटर साइकिल रैली निकाला जाएगा।

---

# 10 लाख की पट्टी सहित 4 खाइवाल आए गिरफ्त में



■ पुलिस कार्रवाई से सटोरियों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित साइबर सेल को अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों पर अभियान समर्थ अंतर्गत पतासाजी कर कार्रवासई करने तथा सट्टा पर अंकुश लगाने निर्देशित किया है। साइबर सेल की टीम को सूचना मिली कि थाना छुईखदान क्षेत्रांतर्गत कंडरापारा छुईखदान में एक व्यक्ति अपने मोबाईल फोन से ऑनलाईन सट्टा का संचालन कर रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में साइबर सेल तथा छुईखदान पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर मुखबीर द्वारा बताए गए हुलिया वाले व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा। पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम निलेश गुप्ता निवासी वार्ड 3 कंडरापारा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा मोबाईल फोन चेक करने पर आईपीएल क्रिकेट सटटा खिलाने की पुष्टि हुई।

#### दुर्ग के आरोपी भी शामिल

पुलिस ने जब अन्य संलिप्त आरोपियों के संबंध में पूछताछ किया तो उसने 3 अन्य सटटा खाईवाल के नाम का खुलासा किया जिसमें मोहित कुमार शर्मा पिता जय प्रकाश शर्मा निवासी सती चौरा दुर्ग, ऋषि प्रसाद गुप्ता पिता मिश्रीलाल गुप्ता निवासी सतीचौरा दुर्ग एवं मोहम्मद नाहिद कुरैशी उर्फ बिटटू निवासी बांधा तालाब गंजपारा दुर्ग शामिल है। पुलिस ने सटोरिया निलेश गुप्ता एवं अन्य को दुर्ग से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 लाख का ऑनलाईन सटटा -पटटी का स्क्रीनशॉट, विभिन्न कम्पनियों के 5 नग मोबाईल फोन कीमत करीब 2 लाख एवं नगदी 26 हजार 500 जप्त किया। चारों आरोपियों के विरूद्ध थाना छुईखदान में धारा 6, 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। इस कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक अनिल शर्मा, सउनि टैलेश, सउनि अश्वन वर्मा, प्रधान आरक्षक कमलेश श्रीवास्तव, आरक्षक अख्तर बेग मिर्जा, चन्द्रविजय सिंह, त्रिभुवन यद्, कमलकांत साहू, सत्यनारायण की भूमिका रही।

---

# शिक्षक मिले मंत्री से, सेवा-सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मानपुर



छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से रायपुर में मुलाकात कर शिक्षकों के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा किया।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष श्रीहरी ने बताया कि चर्चा के दौरान बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, रिक्त पदों पर पदोन्नति, सीधी भर्ती, पदोन्नति के लिए 50- 50 प्रतिशत पदों के अनुपात का पालन, बीईओ के पदपूर्ति नियमों में संशोधन, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन, क्रमोन्नति आदि विषयों को प्रमुखता से रखा गया। शिक्षा मंत्री ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के हित में छग शासन सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखेगा।

बीईओ के पदपूर्ति नियमों का परीक्षण कर आवश्यक संशोधन किया जाएगा। रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र किया जाएगा। भर्ती व पदोन्नति अनुपात का पालन किया जाएगा। इस दौरान प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा, सुधीर प्रधान, बसंत चतुर्वेदी, आयुष पिल्ले, गंगेश्वर उइके, सुखनंदन साहू, जितेंद्र मिश्रा, पुरन साहू, गोपी वर्मा, ओमप्रकाश सोनकला, परमेश्वर निर्मलकर सहित अन्य उपस्थित थे।

# सरकारी राशि से निजी जमीन पर निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

■ पौनी पसारी योजना के क्रियान्वयन में भर्राशाही

नगर पालिका को पौनी पसारी योजना के तहत 30-30 लाख के दो कार्यो की स्वीकृति मिली थी। इस निर्माण को पालिका अधिकारी कर्मचारियों ने अनुपयुक्त जगह में बनाकर राशि का दुरूपयोग किया है।

बुधवारी सब्जी मंडी जो पिछले 15 साल से बंद है, वहां का निर्माण करा दिया गया है जबकि दुसरा निर्माण मेला ग्राउंड में व्यक्ति विशेष की जमीन पर करने के विरोध के बाद आज तक अधूरा है। अधूरे निर्माण को लेकर इंजीनियर रितेश स्थापक ने बताया कि निर्माणाधीन स्थल पर निजी स्वामी की आपत्ति के बाद काम को रोक दिया गया है। 30-30 लाख की स्वीकृति पर 25-25 लाख के काम होना बताया जा रहा है। मेला प्रांगण के निर्माण के अपूर्ण होने के कारण उसका भुगतान अभी नहीं होना बताया गया।



#### सवालों के घेरे में पालिका

निजी जमीन पर आनन-फानन में निर्माण शुरू करने और बुधवारी सब्जी मंडी के निर्माण को तोड़कर नए सिरे से निर्माण कराने पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सवाल यह है कि किसे लाभ पहुंचाने के लिए से 50 लाख का काम बिना सोचे समझे शुरू कर दिया गया जबकि होना तो यह था कि सही जगह का चयन करने के बाद ही निर्माण शुरू करना था। जानकारी के अनुसार मेला प्रांगण के पास पालिका के आश्रय स्थल से लगी खाली भूमि का चयन निर्माण के लिए किया गया था। आधा निर्माण होने के बाद व्यक्ति विशेष ने अपनी जमीन होने का हवाला देकर कार्य बंद करा दिया। सवाल यह है कि पालिका ने निजी जमीन पर स्वीकृत कर खर्च कर दिया।

## मंदिरों में आज से देवी जस गीत की गूंज




**गंडई पंडरिया।** शहर सहित अंचल के देवी मंदिरों में कल मंगलवार से चैत्र नवरात्र पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा ज्योत जलाया जाएगा। भक्तों ने मंदिरों में ज्योत जलाने के लिए पहले से स्थान सुरक्षित कर लिया है। इस दौरान कई भक्त अपने घरों में ज्वारा बोते है। अगले नौ दिनों तक जस गायन एवं अन्य माध्यमों से देवी की आराधना की जाएगी। जानकारी के अनुसार नगर के पंडरिया वार्ड 4 स्थित राम मंदिर में 10, हटरी के पास शीतला मंदिर में 25, डब्बू मेहता के घर के पास स्थित शीतला मंदिर में 22, माँ गंगई मंदिर में 710, राधाकृष्ण मंदिर में 7, कवर्धा मार्ग के शीतला मंदिर में 19, पांडेपारा काली दुर्गा मंदिर में 12, देउर मंदिर के पीछे स्थित शीतला मंदिर में 5, कंडरा पारा स्थित शारदा मंदिर में 1 ज्योत जलाया जाएगा।

## शिविर में दिया योग का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

बमलेश्वरी शांति उद्यान में योग शिविर का आयोजन योग गुरु बाबा रामदेव के शिष्य स्वामी नरेंद्र देव ने सानिध्य में किया गया। शिविर में योग साधक महिला पुरुष एवं बच्चों को प्राणायाम, जॉगिंग एवं विभिन्न आसनों के बारे में बताते हुए अभ्यास कराया गया। इस मौके पर विभिन्न समितियों का गठन किया गया। भारत स्वाभिमान न्यास प्रभारी साधुराम साहू, पतंजलि योग समिति प्रभारी गिरीश सोनी, पतंजलि युवा भारत प्रभारी शशिकांत बोरकर, सह प्रभारी राजा राजपूत, किसान सेवा समिति प्रभारी राकेश रत्नाकर, सोशल मीडिया प्रभारी कल मंडावी, सह प्रभारी लक्ष्य कुमार साहू, यज्ञ प्रभारी युगल किशोर ठाकुर, महिला प्रभारी सरिता साहू, महामंत्री अखिलेश्वरी साहू, संगठन मंत्री पायल कोठारी, जय यादव, राशि रत्नाकर, संरक्षक इंदु साहू का चयन किया गया।

## जयंती पर निकाली शोभायात्रा



■ भक्तमाता कर्मा की हुई पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नगर साहू समाज ने भक्त माता कर्मा की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया।

नगर साहू समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने मां कर्मा के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर शोभायात्रा निकालकर शहर भ्रमण किया गया। पुराना साहू धर्मशाला से मां कर्मा की पूजा अर्चना किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष खिलावन साहू थे। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद साहू, जिला अध्यक्ष भागवत साहू, जिला संरक्षक डॉ नरेंद्र साहू, नीरा साहू, अशोक साहू, नीलमणी साहू, तहसील अध्यक्ष हंसराज साहू, पूर्व अध्यक्ष शिव साहू, ईश्वर साहू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में आशीष साहू, गिरीश साहू, कामेश्वर साहू, पुष्पेंद्र साहू, पूर्णिमा साहू, ऐनू साहू, हेमिन साहू, लेखनी साहू, सुजात साहू, आशा साहू, धर्मदास साहू, लोकेश्वर साहू, खुमान साहू, कमल साहू, अभिषेक साहू आदि सहभागी बने।

### पदाधिकारियों ने किया आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान

# साहू समाज ने श्रद्धा से मनाई कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान



भक्त माता कर्मा की जयंती कार्यक्रम का आयोजन जिला दुबेलिया साहू समाज ने किया। सर्वप्रथम कर्मा माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया। आरती के बाद खिचड़ी का भोग लगाया गया। समाज के पदाधिकारियों ने माता कर्मा की जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए।

केंद्रीय अध्यक्ष शिव कुमार साहू ने कहा कि माता कर्मा ने तेली समाज में जन्म लेकर पूरे समाज को एक दिशा दिखाने का कार्य किया। उन्होंने उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। तत्पश्चात बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा निकाला जो सामाजिक भवन श्यामपुर से जय स्तंभ चौक, बस स्टैंड, बाजार लाइन, काली मंदिर होते हुए पुन सामाजिक भवन श्यामपुर पहुंची। यहां महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष शिव कुमार साहू, मनीराम साहू, उत्तम कुमार साहू, टेकचंद साहू, केशवराम साहू, सीआर साहू, बृजलाल साहू, बद्रीराम साहू , डॉ. मोरध्वज साहू, रामसुख साहू, धनुऊ राम साहू, जिला साहू संघ के अध्यक्ष टिलेश्वर साहू, बिसेशर साहू, जिपं सदस्य विप्लव साहू, आत्माराम साहू, मायाराम साहू, कुशल साहू, अनिल साहू, सतीश साहू, रवि साहू, मनीष साहू, पंच कुमार सिलोटिया, किशन सिलोटिया, डॉ. कांशीराम साहू, हरिशंकर साहू, विनोद साहू, मनसुख साहू, सत्यपाल साहू, भूपेंद्र साहू, घनश्याम साहू, पूरन साहू, दिनेश साहू, बिहारी साहू, जितेन साहू, मनराखन साहू, अमीर साहू, अमरनाथ साहू, भागवतराम साहू ,लखनू साहू, भूनेश्वर साहू ,किशोर साहू ,पवन साहू, मनोज साहू, डेराराम साहू, चमारराय साहू,परघनिया साहू, कुंज साहू, राजेश साहू, पूर्णानंद साहू, कॉनशु साहू, सुदामा साहू, अशोक साहू, मनोहर साहू, कृष्णा साहू, वरुण साहू, ओंकार साहू, प्रकाश साहू, करण साहू, नाथूराम साहू, राजू साहू, पलटन साहू, शिवरतन साहू, बहल साहू सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सीआर साहू एवं बद्री राम साहू ने किया।

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप

### पर्यवेक्षक रंजन ने किया चिल्हाटी चेक पोस्ट का निरीक्षण



**मोहला।** लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव के अंतर्गत जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के चिल्हाटी में संचालित एसएसटी चेक पोस्ट का व्यय पर्यवेक्षक प्रवीण रंजन ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां नियुक्त टीम से चर्चा कर किए जा रहे कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान टीम के अधिकारीयों को सभी प्रकार के संदिग्ध गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम मोहला डॉ.हेमेन्द्र भुआर्य, उप पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर वासनिक, तहसीलदार अं.चौकी दिनेश साहू सहित एसएसटी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वच्छता दीदियां कर रही मतदान के लिए जागरूक

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में ग्रामों से लेकर शहरी क्षेत्रों के मतदाताओं को मतदान तिथि 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग करने प्रेरित किया जा रहा है। जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता दीदियों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के साथ जनसमान्य को मतदान करने प्रेरित किया जा रहा है। स्वच्छता दीदियां घर-घर संपर्क कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने पाम्पलेट का भी वितरण कर रही है। इसके साथ ही मतदाताओं से मतदान करने शपथ पत्र में हस्ताक्षर भी करवा रही है। स्वच्छता दीदियां लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 26 अप्रैल को वोट देकर अपने मताधिकार का उपयोग करने, साथ ही अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को शत-प्रतिशत मतदान प्रेरित करने की शपथ ले रही है।

### घिरघोली में मना भाजपा का स्थापना दिवस



**सड़क अतरिया।** ग्राम घिरघोली में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का 44 वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पण कर नमन किया। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने नेताओं के त्याग, संघर्ष, विचार पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रोहित जंघेल, युवराज ठाकुर, जयकरण जंघेल, जगन्नाथ जंघेल, अर्जुन जंघेल, द्वारका सेन, हेमंत जंघेल, ऐमन जंघेल, दरबारी ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

### गणगौर पूजन में महिलाएं ले रही हिस्सा



**डोंगरगढ़।** गणगौर पूजन कार्यक्रम के तहत मारवाड़ी समाज की महिलाए पूजा अर्चना में हिस्सा लेने के बाद कार्यक्रम में रोजाना अपनी सहभागिता निभा रही है। सुहागिनी महिलाएं कुंवारी लडकियों के साथ प्रातः कलशों में पानी भरकर माता गौरी एवं भगवान शिव की पूजा अर्चना कर रात्रि में गुरूडे.के रूप में घर- घर जाकर इस आराधना के पर्व में लोगों की इच्छा पूर्ण करने का वरदान मांगती हैं। रंगोत्सव के साथ शुरू हुए गंणगौर पर्व का समापन नवरात्र की तीज को होगा। अग्रवाल, ओसवाल, महेश्वरी एवं ब्राम्हण समाज की महिलाओं द्वारा गणगौर पर्व को मनोरंजक बनाने के लिए सिंगार प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस, नृत्य प्रतियोगिता, मिसेस गणगौर प्रतियोगिता जैसे आयोजन किया।

### याचना को मिलेगी छात्रवृत्ति



**जेवरतला रोड।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीन्य छात्रवृत्ति परीक्षा में पूर्व माध्यमिक शाला पीपरखार की कक्षा आठवीं की छात्रा याचना का चयन हुआ है। परीक्षा में चयनित छात्रा को नवमी से 12वीं तक पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति दी जाएगी। छात्रा की इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख सीडी साहू , बीएस देशमुख, युगेश्वरी देवांगन, मीना रंगारी, हरख राम ठाकुर, माया चंद्राकर सहित अन्य खुशी जाहिर किया है।

### चालीसा व भजन संध्या 12 को

**राजनांदगांव।** राजस्थान के बहरोड़ के समीप दहमी ग्राम में मनसा माताजी का भव्य मंदिर लगभग 700 वर्षों से स्थापित है। इस देवी को लोग दहमी माताजी के नाम से भी जानते हैं। राजनांदगांव जिले में दहमी माताजी (मनसा माताजी) को कुलदेवी के रूप में पूजने वाले लगभग 100 परिवार हैं। रायपुर, भाटापारा, दुर्ग व डोंगरगढ़ में भी कुलदेवी के भक्त निवासरत है। कुलदेवी मनसा दहमी माता परिवार के वरिष्ठ व मुख्य सदस्यों के अनुसार इस वर्ष दूसरी बार राजनांदगांव शहर में कुलदेवी मनसा दहमी माता के भक्तों द्वारा सार्वजनिक रूप से कुलदेवी का चालीसा पाठ एवं भजन संध्या का कार्यक्रम आगामी 12 अप्रैल को दोपहर 4 बजे से श्री अग्रसेन भवन में आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए समिति एवं भक्तों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। अग्रसेन भवन में कुलदेवी का अलौकिक श्रृंगार कर भव्य दरबार सजाया जाएगा। अखंड ज्योति प्रज्जवलित की जाएगी। चालीसा पाठ एवं भजन-गायन संस्कारधानी के सुप्रसिद्ध देवी भक्त निखिल - श्याम की जोड़ी द्वारा किया जाएगा।

### वनांचल में भाजपा की बैठक



**सड़क अतरिया।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे की जीत सुनिश्चित करने कार्यकर्ता जमकर पसीना बहा रहें हैं। शीर्ष नेता बैठक आयोजित कर चुनाव जीतने की रणनीति बता रहे हैं। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने गत दिनों साल्हेवारा, बकरकट्टा, पैलीमेटा क्षेत्र के विभिन्न शक्ति केन्द्रों पर बैठक लेकर चुनाव तैयारी पर चर्चा किया। श्री जंघेल ने कार्यकर्ताओ से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का आव्हान किया। बैठक में जिला भाजपा के उपाध्यक्ष प्रेमनारायण चंद्राकर, जिला महामंत्री पूरन जंघेल, तीरथ चंदेल, निजाम सिंह मंडावी के अलावा परसर ठाकरे, ललित सोनी, संतन साहू, देवसिंग ठाकुर, संतोष ठाकुर, महेंद्र यादव, नन्हे पटेल, संतोष यादव, तुलसी मानिकपुरी, अनिल अग्रवाल, मुंजन यादव, प्रहलाद मरकाम, अनुज साहू, संतोष नामदेव, जयता पटेल, दशरथ पटेल, बलराम साहू, गोपी बंजारे, डेरालाल मसखरे, बल्लूराम जंघेल, शिव यादव, जीवन मरावी, रामधार जंघेल, परदेसी मरकाम, रामलाल मरकाम, कुबेर पटेल, गगन अग़वाल, भैया लाल, दुर्गेश यादव, बाल्मिकी पटेल सहित अन्य शामिल हुए।

### राजनांदगांव रेंज स्तर के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी हुए शामिल

# सुरक्षा उपकरण के माध्यम से विशेष चेकिंग करने प्रशिक्षण

### 100 अधिकारी कर्मचारी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने एवं आगामी चुनाव के दौरान व वीआईपी प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते डीएफएमडी, एचएचएमडी, डीएसएमडी आदि सुरक्षा उपकरण के संबंध में विस्तृत रूप से डेमो के माध्यम से जानकारी दी गई। जिसमें जिला राजनांदगांव, कबीरधाम, छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अं. चौकी के लगभग 100 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

#### पुलिस अधिकारियों ने दी जानकारी

पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते रेंज स्तर के अधिक से अधिक पुलिस बल को सुरक्षा व्यवस्था के इक्विपमेंट्स आदि के बारे में प्रशिक्षित किया जाना है। इसी परिप्रेक्ष्य में 5 अप्रैल को रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर की उपस्थिति में विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय रायपुर से आए डीएसपी गुरू नारायण प्रधान द्वारा जिला राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अं.चौकी के अधिकारी-कर्मचारियों को डीएफएमडी, एचएचएमडी, डीएसएमडी आदि सुरक्षा उपकरण के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।



#### डेमो के माध्यम से प्रशिक्षण

जिसमें पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने एवं आगामी चुनाव के दौरान व वीआईपी प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते डीएफएमडी, एचएचएमडी, डीएसएमडी आदि सुरक्षा उपकरण के संबंध में विस्तृत रूप से डेमो के माध्यम से जानकारी दी गई। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रेंज स्तर के विभिन्न थानों के आरक्षक से निरीक्षक स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों को डीएफएमडी, एचएचएमडी, डीएसएमडी आदि सुरक्षा उपकरण का किस प्रकार उपयोग करते हैं तथा इनके द्वारा महत्वपूर्ण स्थानों पर संदिग्ध वस्तुओं की विशेष चेकिंग किस प्रकार करना चाहिए व ध्यान रखने वाली बातों के बारे में विस्तृत रूप से समझाया गया। साथ ही सभी को डेमो देकर प्रैक्टिकल के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया।

#### पुलिस अधिकारियों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, डीएसपी तनुप्रिया ठाकुर, रक्षित निरीक्षक अरविंद साहू, रक्षित निरीक्षक ट्रैफिक लोकेश कसेर, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, बसंतपुर प्रभारी सत्यनारायण देवांगन, लालबाग प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, गैंदाटोला प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल, डोंगरगढ़ प्रभारी निरीक्षक सीआर चंद्रा, बोरतलाव प्रभारी निरीक्षक मिलन सिंग, बागनदी प्रभारी निरीक्षक मनीष ध्रुवे, डोंगरगांव प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र साह, चौकी सुरगी प्रभारी निरीक्षक कौशलेस देवांगन, चिचोला प्रभारी निरीक्षक उमेश बघेल, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी ईशा ओगरे, तुमड़ीबोड़ प्रभारी उपनिरीक्षक कैलाशचंद मरई, सुकुलदैहान प्रभारी उपनिरीक्षक भूषण चंद्राकर, मोहारा प्रभारी उपनिरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव एवं राजनांदगांव रेंज से आए अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## आयुक्त ने अधिकारी-कर्मियों को सौंपा दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने चैत्र नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते तकनीकी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को मूलभूत सेवा कार्यों के सुचारू संपादन के लिए तीन पालियों में दायित्व सौंपा है। उन्होंने चैत्र नवरात्रि पर्व में पदयात्रियों की सेवा एवं सुविधा के लिए नगर निगम सीमा के सेवा पंडालों में मूलभूत एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तीन पालियों में तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। उक्त कर्मचारी सेवा पंडालों में 24 घंटे कार्यों का संपादन करेंगे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि उपरोक्त कार्यों के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम को एवं प्र. सहायक अभियंता दिलीप मरकाम को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

शहर के स्टालों में टैंकरो से पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था के लिए सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक उप अभियंता दीपक कुमार महला को इनके सहयोगी सुषमा साहू को, दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तक उप अभियंता तिलकराज ध्रुव को इनके सहयोगी अनिमेष चंद्राकर को, रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम को इनके सहयोगी डागेश्वर कर्ष को व्यवस्था प्रभारी बनाया गया है। साथ ही शहर के स्टालों में टैंकरों से पेयजल व्यवस्था के लिए प्र.मोटर प्रतिपालन सुरेन्द्र साव को व परिचालक रविकांत साहू को दायित्व सौंपा गया है।

#### अग्रवाल को सफाई का जिम्मा

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि सफाई व्यवस्था हेतु स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल को प्रभारी अधिकारी तथा सहायक वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा को बनाया गया है। सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक प्र. सफाई दरोगा वरूण सोनी को, दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तक प्र.स्वच्छता निरीक्षक भूषण मेश्राम को एवं रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव को दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा सहायक अभियंता प्रणय को सम्पूर्ण विद्युत व्यवस्था प्रभारी एवं उप अभियंता दीपक कुमार महला को व लाईनमेन किशन गांवरे को सहायक बनाया गया है। उपरोक्त प्रभारी एवं सहयोगी अधिकारी व कर्मचारी प्रातः से रात्रि तक तीन पाली में अपने-अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे।

# ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ आज से शुरु होगी चैत्र नवरात्रि

- शहर के मंदिरों में नवरात्र की तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



शहर की अधिष्ठात्री और ऐतिहासिक दंतेश्वरी मंदिर मे आज चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस मनोकामना ज्योति कलश का प्रज्जवलन होगा। मंदिर के नाम के संदर्भ मे किवदंती है कि



दंतेवाड़ा के दंतेवाड़ेश्वरी से दंतेश्वरी नाम प्रसिद्ध हुआ है किंतु यहा विराजित देवी का शास्त्रोक्त नाम रक्तदंतिका है। लगभग 90 सालो से पूजा अर्चना कर रहे परिवार के पुजारी डॉ मंगलानंद झा ने बताया कि दंतेश्वरी मंदिर लगभग पांच सौ साल पुराना है, ग्रंथो मे उल्लेखित तथ्यो के अनुसार रियासत काल मे राजा कमल नारायण सिंह दंतेश्वरी मंदिर परिसर मे आरती पूजा बाद जनदर्शन लगाते थे जहॉ वो आम लोगो की समस्या सुनते और निराकरण करते थे। दंतेवाड़ा से मा दंतेवाड़ेश्वरी की डोली और माटी लेकर श्रद्धालु मंदिर आते थे और मनोकामना पूर्ति का आर्शीवाद लेकर वापस लौटते थे। पंडित झा ने बताया कि मंदिर मे स्थित दंतेश्वरी की मूल प्रतिमा स्वयंभू है जो खैरागढ़ राजपरिवार को स्वप्न के माध्यम से मंदिर से किंचित दूरी पर स्थित पीपल वृक्ष के नीचे मिला था जिसे स्वप्नानुसार मंदिर के गर्भगृह मे प्रतिस्थापित किया गया है। रियासत काल मे यहा भैंस की बलि दी जाती थी, कालांतर मे बकरे की बलि दी गई प्रतिपदा को एक, द्वितीया को दो के हिसाब से तिथि अनुसार बकरो की संख्या बढ़ती थी और नवमी को एक साथ नौ बकरो की बलि दी जाती थी। वर्तमान मे इस प्रथानुसार नारियल अथवा कद्दू की बलि दी जाती है।

#### विदेशी लोग भी कराते हैं ज्योत प्रज्जवलित

पंडित झा ने आगे बताया कि मंदिर मे शारदीय व वासंती दोनो नवरात्रि मे तीन सौ से ज्यादा ज्योति कलश प्रज्जवलित होती है, जिसके देश के अलग अलग हिस्सो के अलावा विदेशो से भी भक्त मनोकामना पूर्ति के लिए ज्योति प्रज्जवलित कराते है, मंदिर के गर्भ गृह मे मा दंतेश्वरी के अलावा महाकाली, भद्रकाली, बटुक भैरव और काल भैरव की मूर्तिया स्थापित है, वही गर्भगृह के ठीक सामने बजरंग बली और मा दुर्गा की प्रतिमा है, आंगन मे देवी वाहन सिंह और शीतला माता स्थित है। पंडित झा ने बताया कि मा दंतेश्वरी के दर पर आने वाले श्रद्धालुओ पर माता रानी का विशेष स्नेह बना रहता है।

## एनएसयूआई की लोस स्तरीय बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




एनएसयूआई की राजनांदगांव लोकसभा स्तरीय बैठक शनिवार को राजनांदगांव में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा व एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे शामिल हुए। उन्होंने छात्र नेताओं को लोकसभा चुनाव में भूपेश बघेल के विजयी के लिए जीत का मंत्र दिया।

बैठक में विनोद वर्मा, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे, एनएसयूआई राष्ट्रिय सचिव हन्नी बग्गा, प्रदेश कांग्रेस सचिव निखिल द्विवेदी, आयुश पांडे, राजनांदगांव एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा, कवर्धा एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शीतेश चंद्रवंशी, मानपुर जिला अध्यक्ष मनीष साहू, खैरागढ़ जिला एनएसयूआई अध्यक्ष सुमीत जैन, एनएसयूआई प्रदेश सचिव राजा यादव, जयंत बघेल, नेहा वैष्णव, विक्की रामटेके, विधनसभा अध्यक्ष उज्जवल निर्मलकर, अमन उजवाने, वैभव परिहार, मोहित कोचर्र, वासुदेव साहू, राजकुमार साहू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### युवा इस देश की नींव है

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने कहा कि युवा इस देश की नींव है। आज चुनाव में छात्र व युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। राजनांदगांव लोकसभा में 8 विधानसभा है। प्रत्येक विधानसभा में 15 से 20 हजार नवमतदाता हैं, इन मतदाताओं से संपर्क कर भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने प्रेरित करेंगे और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करेंगे। विनोद वर्मा ने कहा कि आप सबको अपने बूथ भारत युवाओं का देश है, लेकिन देश का युवा आज-कल व्हाट्सअप युनिवर्सिटी के माध्यम से भटक गया है, सच्चाई से दूर रख इनको इंटरनेट के माध्यम से झूठ परोसा जा रहा है। कांग्रेस के नेताओं को फेंक न्यूज के सहारे बदनाम किया जा रहा है, पूरे देश में लोग बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार लोगों को मंदिर-मस्जिद के नाम पर लड़ा रही है।

#### द्वितीय प्रशिक्षण कल

**राजनांदगांव।** जिले में लोस निर्वाचन के सुगम संचालन हेतु ईव्हीएम मशीन की कमिशनिंग का द्वितीय प्रशिक्षण 10 अप्रैल को सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में विस स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स तथा विस स्तरीय सेक्टर ऑफिसर को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### 40 वर्ष तक के लोग हुए शामिल

# पार्रीकला में निःशुल्क सिकलसेल परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सरकार ने हाल ही में 2023-24 के बजट में 2047 तक सिकल सेल एनीमिया को खत्म करने की एक मिशन की घोषणा की है। इसी मिशन में कॉन्फ्लूऐंस कॉलेज ने भी अपनी भागीदारी पेश करते महाविद्यालय में एक दिवसीय निःशुल्क सिकल सेल परीक्षण का आयोजन किया। इस शिविर को गोद ग्राम पर्रीकला में भी लगाया गया। जिसका लाभ गांव के लोगों भी मिला। जिसमें 0 से 40 वर्ष तक के लोग शामिल थे। शिविर में लगभग 150 लोगों ने सिकल सेल का जांच कराया। जिसमे छोटे बच्चे, विद्यार्थी, महिलाएं और शिक्षकगण शामिल रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि पर्रीकला में शिविर लगाना फायदेमंद साबित हुआ, क्योंकि बच्चों के माता-पिता को इसकी जानकारी नहीं थी। इस दौरान शा.प्रा. शाला के विद्यार्थीयो ने अपना परीक्षण कराया और स्कूल के शिक्षकों तथा नागरिकगण भी मौजूद रहे। यूथ रेड क्रॉस प्रभारी धनंजय साहू ने बताया कि सिकल सेल पीढ़ी दर पीढ़ी होने वाले रोगों में से एक है, जो अधिक दुखदायी होता है। उन्होंने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों में सिकल सेल से संबंधित जानकारी का साझा करना, रोगों का पता लगाना और उन लोगों का डाटा एकत्रित करना था।




#### सिकलसेल एनीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया एक प्रकार के अनुवांशिक बीमारी है। जिसमें रक्त में होने वाली लाल रुधिर कोशिकाओं के आसामान्य हसिये जैसे आकार के कारण व्यक्ति में हिमोग्लोबिन की कमी हो जाती है और शारीरिक विकास रूक जाती है। जिससे शरीर कमजोर हो जाती है।

#### इस संक्रमण को रोकना होगा

महाविद्यालय के संचालक संजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल और डॉ. मनीष जैन ने संयुक्त रूप से कहा कि यह कदम भारत को सिकल सेल रोग मुक्त भारत की ओर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि इसे एक आंदोलन के रूप में देखा जाना चाहिए, क्योंकि हमारे लिए सिकल सेल एक बड़ी चुनौती है। हमें जमीनी स्तर पर आंदोलन कर लोगों की गलत धारणाओं को दूर कर उनके साथ मिलकर सभी को इस संक्रमण को रोकना होगा और साथ ही साथ आने वाली पीढ़ियों को भी सुरक्षित करना होगा। परीक्षण में एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक और गांव के युवा उपस्थित रहे।

# बच्चों ने किया योग का शानदार प्रदर्शन



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में योग गुरू स्वामी रामदेव के अनन्य शिष्य स्वामी नरेन्द्र देव का प्रभावी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

मुख्य वक्ता के रूप में स्वामी नरेन्द्र देव पतंजली योगपीठ हरिद्वार से, तमिलनाडु से राजेन्द्र पारीक, गायत्री शिक्षण समिति के पूर्व सचिव हेमंत तिवारी, गायत्री शिक्षण समिति के वर्तमान अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सचिव गगन लड्ढा, सह-सचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, रूपाली गांधी, प्रशासक अनिल बाजपेयी, एकेडमिक को-आर्डिनेटर अमित उत्तलवार, प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल, उपप्राचार्य रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, शिक्षक वृंद बड़ी संख्या में कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

#### योग के महत्व को बताया

स्वागत भाषण देते प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल ने स्वामीजी का विद्यालय में मार्गदर्शन को अविस्मरणीय क्षण बताते विद्यालय की निरंतर प्रगति का सारगर्भित अंश बताकर कहा कि यह हमारे जिले का शिक्षा के क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में खड़ा ऐसा विद्यालय है, जहां शिक्षा के साथ-साथ योग, ध्यान, प्राणायाम आरंभ से जुड़ा हुआ है, जो विद्या का महत्वपूर्ण अंग है। स्वामीजी के सम्मान में शाला के विद्यार्थियों द्वारा भावपूर्ण स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। छात्रा डिम्पल साहू द्वारा योग का महत्व बताते शानदार वक्तव्य दिया गया। बच्चों ने योग शिक्षिका भारती साहू के मार्गदर्शन में योग का शानदार प्रदर्शन भी किया। स्वामीजी ने बच्चों को एक ध्येय वाक्य भी बताया। स्वामीजी से मार्गदर्शन प्राप्त कर विद्यार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता उषा झा द्वारा किया गया।

## सार समाचार

### पेंशनरों की मासिक बैठक 11 को

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा डोंगरगांव की मासिक बैठक एवं होली मिलन का कार्यक्रम आगामी 11 अप्रैल को पेंशनर्स एसोसिएशन भवन डोंगरगांव में आयोजित की गई है।
पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील डोंगरगांव अध्यक्ष ज्योतिषराम यादव, नामदेव साहू कार्यकारी अध्यक्ष, वायके गहरवार प्रवक्ता, हीरालाल ढोमने प्रवक्ता, केशवराम साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनबोधी माली कोषाध्यक्ष, नंदकुमार श्रीवास्तव संगठन सचिव, कृष्णालाल साहू संगठन सचिव, शोभितराम साहू संगठन सचिव, केके देवांगन कार्यकारणी सदस्य ने पेंशनरों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में सहयोग प्रदान करने अपील की।

### भाजपा से अरूण व विजय अधिकृत




**राजनांदगांव।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव संबंधित समस्त शासकीय कार्यों के संपादन के लिए पार्टी की ओर से दो कार्यकर्ताओं को कार्यभार सौंपा गया है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शासकीय कार्यों के सुचारु रूप से संचालन के लिए भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जिला भाजपा के सह कार्यालय प्रभारी अरुण शुक्ला को प्रभारी व उनके सहयोगी विजय सिन्हा को दायित्व दिया गया है। ये पार्टी के अनुमति एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए अधिकृत किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि शुक्ला इन कार्यों को पिछले कई चुनाव से कार्यरत रहे हैं। उनके अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा।

### यादव समाज का होली मिलन समारोह आयोजित



**राजनांदगांव।** कोसरिया यादव समाज सर्किल छुईखदान यादव समाज में 7 अप्रैल को होली मिलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण के तैलचित्र में फूलमाला एवं आरती कर सामाजिक उत्थान के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में सर्किल अध्यक्ष शंकर यादव द्वारा शिक्षा एवं समाज के छात्र-छात्राओं के उच्च शिक्षा के बारे में प्रोत्साहित करने अपनी बात रखी। होली मिलन समारोह में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें दशरथ यादव, सियाराम यादव, रामकृष्ण यादव, श्याम रतन यादव, रवि यादव, किशन यादव, भागचंद यादव, किशोर यादव, सत्रोहन यादव, डेरा यादव, कन्हैया यादव, तेजू यादव और महिला अध्यक्ष आशा यादव, सोमनाथ यादव, मृगनैनी यादव, राधा यादव, नीलू यादव, भारतीय यादव, संतोषी यादव एवं सर्कल के यादव भाई-बहन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी दीनू यादव ने दी।

### युगांतर राज्य स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय




**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अक्षय पात्र सेक्टर-6 भिलाई द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सेमी क्लासिकल नृत्य प्रतियोगिता में अपनी नृत्य प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय की वर्णिका तिवारी, जिज्ञासा सिंह, ख्याति पटेल, शीतल महापात्रा, जान्वी जैन, प्राची एक्का महाभारत की थीम पर शानदार सेमी क्लासिकल नृत्य प्रस्तुत कर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। बच्चों ने द्रौपदी चीरहरण के प्रसंग में श्रीकृष्ण द्वारा द्रौपदी के लिए चीर बढ़ाकर मदद करने के दृश्य को प्रभावकारी रूपों में प्रस्तुत किया। नृत्य विभाग की शिक्षिका अमीषा सोनी के मार्गदर्शन में बच्चों ने राज्य स्तर पर युगांतर का परचम लहराया। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक अकेडमिक्स सुशील कोठारी, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान तथा ह्यूमैनिटीज के विभागाध्यक्ष तरूण कुमार महापात्रा, नृत्य शिक्षक प्रवीण राजन, संगीत शिक्षिका आकांक्षा चतुर्वेदी सहित युगांतर परिवार ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

### हिन्दू नववर्ष पर आज भव्य शोभायात्रा

# देवी मंदिरों में जगमगाएंगे आस्था के ज्योत, गूंजेंगे माता के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नववर्ष को श्रद्धा भक्ति से मनाने व्यापक तैयारियां की गई है। इस मौके पर मंदिरों में आस्था के ज्योत प्रज्जवलित कर शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना की जाएगी। वहीं हिन्दू नववर्ष पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकलेगी।

पंडितों के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो जाता है। साथ ही हिन्दू नववर्ष आरंभ होता है। कल 9 अप्रैल मंगलवार को चैत्र नवरात्र पर्व प्रारंभ हो रहा है। इसके साथ ही हिन्दू नववर्ष शुरू हो जाएगा। शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व नवरात्र को लेकर अंचल में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भक्ति का माहौल निर्मित है।

#### आएंगे पदयात्री

इधर नवरात्र पर्व पर प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में पदयात्रा करते हुए भक्त मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने के लिए डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। जिससे शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के पदयात्रा मार्ग में लोगों की चहल-पहल बने रहने की संभावना है। कई समाजसेवियों द्वारा पदयात्रियों की सेवा के लिए सेवा पंडाल भी लगाए जा रहे हैं।

#### मंदिरों में तैयारी

जिले के मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ, शहर में मां शीतला मंदिर सोनारपारा, मां पाताल भैरवी मंदिर, महामाया मंदिर, भानेश्वरी मंदिर, काली माई मंदिर पुराना बस स्टैंड, काली माई मंदिर ब्राम्हणपारा, दुर्गा मंदिर किलापारा सहित अन्य देवी मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाने की व्यापक तैयारियां की गई है। शुभ मुहूर्त पर मंदिरों में आस्था के जोत प्रज्जवलित किए जाएंगे।


#### निकलेगी शोभायात्रा

इधर हिन्दू नववर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने की तैयारियां की गई है। शहर के चौक-चौराहों से लेकर मंदिर व घरों में ध्वज पताका लगाया गया है। शहर में कल 9 अप्रैल को सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार द्वारा बालाजी मंदिर गंज लाईन से दोपहर 1 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाले जाने की तैयारियां की गई है। इस शोभायात्रा में बाजे-गाजे, डीजे, भजन-कीर्तन का माहौल रहेगा। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरने वाले इस शोभायात्रा में प्रमुख रूप से बाल हनुमान की झांकी शामिल की जाएगी।

#### बाजार में चहल-पहल

नवरात्र एवं हिन्दू नववर्ष पर्व के लिए बाजार में पूजा सामग्रियों की मांग बढ़ गई है। सोमवार को दिनभर बाजार में लोगों की चहल-पहल बनी रही। वहीं फल-फूल इत्यादी की मांग भी लोगों के बीच बनी हुई है। नवरात्र के साथ ही शुभ मुहूर्त प्रारंभ होने से बाजार में चहल-पहल बनी रहेगी। इस दौरान लोग पर्व सहित मांगलिक आयोजनों के लिए जमकर खरीदी करेंगे।

## निगम आयुक्त के प्रयास से चिखली में रूका काम शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम के वार्ड नंबर 6 चिखली दीनदयाल कॉलोनी में बीते 6 माह से रूका हुआ काम शुरू हो गया है और बहुत जल्द पूरा हो जाएगा।

शिव शक्ति सार्वजनिक धर्मार्थ समिति दीनदयाल कॉलोनी के पदाधिकारी ने बताया कि नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के सहयोग से सड़क का रूका काम शुरू हो गया है और संभवतः आज-कल में ही पूरा हो जाएगा। इस सड़क को पूर्ण करने के लिए शिव शक्ति धर्मार्थ सेवा समिति दीनदयाल कॉलोनी चिखली लगातार प्रयास कर रहा था। आयुक्त के इस सहयोग के लिए समिति ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

## बार्डर इलाकों में भूपेश का जनसंपर्क



**मोहला।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने सोमवार आठ अप्रैल को नवगठित मोहला-मानपुर-चौकी जिले के चौकी और मोहला तहसील क्षेत्र के 30 गांवों का तूफानी दौरा कर मतदाताओं से कांग्रेस को विजयी बनाने के लिए समर्थन मांगा।

श्री बघेल सोमवार को सबसे पहले सुबह 11 बजे कौड़ीकसा पहुंचे। उसके बाद उन्होंने नीचेकोहड़ा, गौलीटोला, पीपरखार, परसाटोला, भर्रीटोला, तुमड़ीकसा, ग्राम पटेली, देववाड़वी, मार्री, भोजटोला, अढ़ाईकट्टा, डंडासुर, मरकाटोला, वासड़ी, पाटनखास, बंजारी, छुरियाडोंगरी, टाटेकसा, ठाकुरबांधा, विचारपुर, मुड़पार, मिरचे, चिल्हाटी और देर रात तक कोरचाटोला पहुंचकर जनसंपर्क किया।

#### योजनाओं का मिलेगा लाभ

श्री बघेल ने कहा कि किसानों का भला सिर्फ कांग्रेस ही कर सकती है। हमारी सरकार के दौरान प्रदेश के लाखों किसानों की बेहतरी और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए तमाम तरह की योजनाएं चलाई और उसका लाभ किसान भाईयों को मिला। भाजपा के पंद्रह साल के शासन में हर साल हजारों-लाखों लोगों को रोजी-रोजगार की तलाश में पलायन करते सबने देखा है।

#### वनवासी क्षेत्र को दी नई पहचान

विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वनवासी क्षेत्र को एक पहचान दिया है। भाजपा के शासन काल में वनांचल क्षेत्र का केवल शोषण होता था, जिसे दूर करने का कार्य भूपेश भैया ने किया है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को छग के नक्शे में नया परिचय देने वाला जिले का निर्माता भूपेश बघेल है, जिन्होंने वनांचल को तीन तहसील देकर प्रशासनिक विकेंद्रीकरण का बड़ा कार्य किया है।

#### लोगों को रोजी-रोजगार चाहिए

प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा कि पिछले दस साल से केन्द्र में भाजपा की मोदी सरकार है, जिसने लोगों को महंगाई, गरीब, बेरोजगारी की आग में झोंक दिया है। लोगों की धार्मिक आस्था पर प्रहार कर देश की एकता, सांप्रदायिक सौहार्द्र को आघात पहुंचाया जा रहा है। आज आम जनता को रोजी-रोटी, कपड़ा और मकान की जरूरत है, झूठ और जुमले से काम नहीं चलने वाला। आज लोगों को गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई की मार से मुक्ति दिलाने की जरूरत है, लेकिन मोदी सरकार ने इन मूलभूत सुविधाओं को लेकर न तो कोई योजना बनाकर काम किया और न ही लोगों को इन समस्याओं से मुक्ति मिल पाई।

## आदिवासी संस्कृति का संरक्षण कर रहे मोदी



**राजनांदगांव।** लोकसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने कहा कि हमारी सरकार में मोदी की गारंटी का सारा काम सांय-सांय हो रहा है और लोकसभा चुनाव के बाद भी सांय-सांय होगा। भाजपा के सुशासन को देखकर कांग्रेस का बाय-बाय होने जा रहा है। कांग्रेस में भगदड़ मची है। जिससे उनके नेता उलूल-जुलूल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता चरणदास महंत भी प्रधानमंत्री पर कुछ भी अशोभनीय टिप्पणी कर रहे हैं। ये सब कांग्रेस में हार की हताशा को बताता है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे आज दूरस्थ वनवासी ग्राम खडगांव एवं औंधी क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान ग्राम बोरिया, दिघवाडी, वासडी, घोटिया, धोदरी, भरीटोला, कहडबरी, नेडगांव, जबकसा, कदाड़ी, सीतागांव एवं औंधी पहुंचे। सांसद संतोष पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के सिद्धांत पर पिछड़े एवं आदिवासी नागरिकों का उत्थान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पूरे क्षेत्र में जितनी भी सड़क बनाई गई है और दूरस्थ छोटे-छोटे गांव में हर घर के बाहर जो नल लगा है, वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के कारण हुआ है, यह योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल-जल योजना के तहत मोदी सरकार की देन है।

#### डॉ. रमन के कार्यकाल में हुए काम

श्री पांडे ने कहा कि पुल-पुलिया एवं किसानों को कृषि पंप की मूलभूत सुविधाएं मानपुर-मोहला में भाजपा शासनकाल में ही मिल सकी है। जिसके कारण यहां पनपने वाले नक्सलवाद की धार कमजोर हुई है। पिछले 15 वर्षों के डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में इस क्षेत्र में सर्वाधिक विकास के कार्य हुए। उन्होंने कहा कि विगत कांग्रेस के 5 वर्षों में भ्रष्टाचार के कीर्तिमान बनाने वाली कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के विकास को रोक दिया था। इसी कारण छत्तीसगढ़ की जनता ने ऐसी सरकार को यहां से उखाड़ फेंका। अब प्रदेश में सरकार गंवाने के बाद लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी के रूप में भूपेश बघेल राजनांदगांव में आए हैं।

## झूलेलाल अवतरण दिवस पर आज शहर में निकलेगी महिलाओं की स्कूटर रैली

**राजनांदगांव।** सिंधी समाज के अवतारी पुरूष भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस पर कल 9 अप्रैल को सिंधी समाज द्वारा धूमधाम के साथ चेटीचंड महोत्सव व जयंती समारोह मनाए जाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

भगवान झूलेलाल जयंती समारोह अवसर पर कल 9 अप्रैल को अपरान्ह 4 बजे झूलेलाल मंदिर हेमू कालाणी नगर लालबाग से सिंधी समाज की नारी शक्ति द्वारा शहर में भव्य स्कूटर रैली निकाली जाएगी। रैली में महिलाएं व्हाइट सूट व केसरिया चुनरी में सजी-धजी भगवान झूलेलाल के जयकारें लगाते हुए नजर आएंगी। रैली का आगाज सिंधी समाज के अध्यक्ष मन्नूमल मोटवानी, ब्रह्मानंद बजाज, आवतराम तेजवानी, अर्जुन दास पंजवानी, घनश्याम दास गंगवानी आदि की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा।

लालबाग से निकली स्कूटर रैली का शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए धूमधाम के साथ नगर भ्रमण होगा। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने समाज के वरिष्ठजनों सहित हरीश मोटलानी, भोजराज बजाज, पवन गणशानी, मुकेश आहूजा, दौलत रामचंदानी, सुनील उभेरानी, अमर ललवानी, रवि बोधानी, अखिल अंदानी, पवन जेठानी, सुनील लेखवानी, नवीन माखीजा सहित अन्य जुटे हुए हैं।

#### चेट्रीचंड्र महोत्सव की रहेगी धूम

समाज के अशर झुमनानी, अर्जुन वाधवानी, राजा माखीजा, चंदन रुचंदानी, कमल गंगवानी, कौशल शर्मा आदि ने बताया कि 10 अप्रैल को चेटीचंड महोत्सव पर सुबह 10 बजे युवा विंग व समाज के युवकों द्वारा भव्य मोटर साइकिल रैली निकाली जाएगी।

#### लंगर का आयोजन

बुधवार को सिंधु भवन झूलेलाल नगर चौखड़ियापारा में सुबह 11 बजे पूजा-पाठ साहिबा का आरंभ डॉ. केएस कंजवानी, घनश्याम सिंह वाधवानी सहित भजन मंडली के भजनों की धारा बहेगी। साहिबा समाप्ति के पश्चात आम लंगर का आयोजन किया गया है। इसके बाद हेमू कालानी नगर लालबाग समीप स्थित बूढ़ातालाब के झूलेलाल घाट में रात्रि 7 बजे भव्य गीत-संगीत का कार्यक्रम रखा गया है।

## रक्षित केंद्र में तीरंदाजी प्रशिक्षण कैंप



**राजनांदगांव।** रक्षित केंद्र में तीरंदाजी प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा किया गया। यहां इच्छुक बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

7 अप्रैल को रक्षित केंद्र राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा तीरंदाजी प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ किया गया। तीरंदाजी सीखने के इच्छुक बच्चों को प्रशिक्षण व जरूरी संसाधन मुहैया कराने के लिए प्रशिक्षण कैंप की शुरूआत की गई है। अनुभवी प्रशिक्षक द्वारा इच्छुक बच्चों को मुक्त में तीरंदाजी के गुर सिखाएंगे।

#### निःशुल्क प्रशिक्षण

तीरंदाजी को बढ़ावा देने व इससे जुड़े खिलाड़ियों के संवर्धन के लिए विगत वर्षों से राजनांदगांव पुलिस द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसपी गर्ग ने कहा कि बच्चे खूब मेहनत और लगन से यह प्रशिक्षण लें। जिला एवं राज्य स्तर पर अपना नाम रोशन करें, बच्चों को प्रोत्साहित करते कहा कि हम निरंतर बच्चों को जो भी सहयोग चाहिए मुहैया करवाते रहेंगे। इसी प्रकार पुलिस भर्ती, आर्मी तथा अग्निवीर भर्ती के लिए राजनांदगांव पुलिस द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान रक्षित केंद्र राजनांदगांव निरीक्षक अरविंद साहू व पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रशिक्षणरत बच्चे उपस्थित थे।

## मनरेगा श्रमिकों ने ली मतदान की शपथ



**मोहला।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एस. जयवर्धन के निर्देशन एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी हेमंत ठाकुर (परियोजना निदेशक) के मार्गदर्शन में जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी के तीनों विकासखंडो में महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत मनरेगा श्रमिकों द्वारा 7 अप्रैल को रोजगार दिवस के अवसर पर विकासखंड मोहला में 2179, अंबागढ़ चौकी में 5302 एवं मानपुर में 1549 इस प्रकार कुल 9030 श्रमिकों द्वारा कार्यस्थल पर मतदान करने की शपथ ली गई।




## रमेश ने कांग्रेस से प्रभावित होकर वापस लिया नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संसदीय क्षेत्र में प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरने वाले रमेश यादव ने आज अपना नामांकन भूपेश बघेल के पक्ष में वापस लेते कहा कि भाजपा धर्म-जाति के नाम पर राजनीति करती है और यादव समाज के किसी भी व्यक्ति को 11 लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशी नहीं बनाए जाने के कारण उन्होंने अपना फार्म दाखिल किया था।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल ने राज्य में काफी काम किए हैं। जिससे किसानों में खुशहाली आई है। उन्होंने कहा कि श्री बघेल की तत्परता को देखते उन्होंने अपना फार्म वापस ले लिया है।

## गायत्री में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गायत्री विद्यापीठ में कक्षा 1 से 5वीं तक के विद्यार्थियों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चों में उचित खानपान, जीवन शैली आदि की प्रभावी जानकारी दी गई। इसमें सभी बच्चों का वजन, ऊंचाई के साथ-साथ नेत्रों एवं नाखून की जांच की गई।

साथ ही मौसमी फलों का सेवन, उससे होने वाले लाभ के साथ मौसमी बीमारियों से बचाव के तरीके भी बताए गए।

विद्यालय की स्वास्थ्य कर्मी अनुपा साहू ने बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य हेतु प्रेरित किया। शिक्षकों ने भी उक्त आयोजन में भाग लेकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता दिखाते रक्तचाप एवं वजन की जांच करवाई। विश्व स्वास्थ्य दिवस के उद्देश्य को ध्यान में रखकर आयोजित कार्यक्रम प्रभारी शिक्षिका वसुधा लड्ढा एवं दिव्या राठौर के मार्गदर्शन में शानदार रहा।

इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सचिव गगन लड्ढा, सह-सचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, रूपाली गांधी, प्रशासक अनिल बाजपेयी, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर अमित उत्तलवार, प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल, उपप्राचार्य रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे एवं शिक्षक वृंद द्वारा शुभकामनाएं दी गई। उक्त जानकारी शाला की व्याख्याता श्रीमती उषा झा ने दी।






मां सतबहनिया मन्दिर का निर्माण कवर्धा नरेश धर्मराज सिंह ने सन् 1940 में कराया था

# नगर के सभी दिशाओं में देवी-मंदिर स्थापित, जगमगाएंगे आस्था के ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

यामाराध्य विरिञ्चिरस्य जगतःस्त्रष्टा हरिःपालकः संहर्ता गिरिशःस्वयं समभवद्धेयया च या योगिभिः। यामाद्यां प्रकृतिं वदन्ति मुनयस्तत्त्वार्थविज्ञाःपरां तां देवी प्रणमामि विश्वजननीं स्वर्गापवर्गप्रदाम।। अर्थात जिनकी आराधना करके स्वयं ब्रह्माजी इस जगत के सृजनकर्ता हुए,भगवान विष्णु पालनकर्ता हुए तथा भगवान शिव संहार करने वाले हुए, योगीजन जिनका ध्यान करते हैं और तत्त्वार्थ जानने वाले मुनिगण जिन्हें मूल प्रकृति कहते हैं-स्वर्ग तथा मोक्ष प्रदान करनेवाली उन जगज्जननी भगवती को मै प्रणाम करता हूं। इतिहासकार राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि कवर्धा वह जगह है, जहां वैष्णव, शैव तथा शाक्त मतों को मानने वालों की बहुतायत है। परन्तु शैव और शाक्त अर्थात शिव-शक्ति के मानने वाले प्रायःहर गांव में मिलेंगे और इसीलिए हर गांव में आपको शिव मन्दिर और महामाया जिसे माता देवाला कहते हैं निश्चित रूप से मिलेंगे। इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने कहा कि धर्मनगरी कवर्धा में शक्ति उपासना अत्यंत प्राचीन काल से चली आ रही है। प्रायः नगर के सभी दिशाओं में देवी-मन्दिर स्थापित हैं और सिद्ध पीठ हैं। प्राचीन 9 मन्दिरों में से आज हम कवर्धा की एक अद्भुत शक्तिपीठ सतबहनिया की गुणानवाद करते हैं, जो कि नगर की पश्चिमोत्तर दिशा में प्राण-प्रतिष्ठित है। मां सतबहनिया मन्दिर का निर्माण कवर्धा नरेश स्व. धर्मराज सिंह द्वारा लगभग 1940 में बनवाया गया था। राजा धर्मराज सिंह 1920 में (10वर्ष की उम्र में) गद्दी में बैठे थे, अपने नाम के अनुकूल आप धार्मिक विचारों से ओत-प्रोत थे तथा स्वयं ही धार्मिक ग्रन्थों के बड़े अध्येता थे और इसीलिए उन्होंने इस अद्भुत शक्ति पीठ को स्थापित करने का विचार किया था। आइए जानते हैं ये अद्भुत क्यों है ? हम सभी जानते हैं शक्ति का केंद्र सूक्ष्म से सूक्ष्मोत्तर होता है इसीलिए बहुत ही छोटी लेकिन दिव्य प्रतिमाएं स्थापित हैं। इस मन्दिर में मां भगवती के तन्त्रोक्त स्वरूप सप्त मातृकाओं का विग्रह विद्यमान है। तंत्रों में मुख्य रूप से आठ शक्तियों को निर्धारण किया गया है, लेकिन इस मन्दिर में सात मूर्तिमान और एक अदृश्य माना गया है, यही इसका अद्भुत दर्शन है।

## माता सतबहनिया की पूजा सेवा श्रीवास्तव परिवार द्वारा किया जा रहा है



इसमें मुख्यत:विराजमान हैं जिसमें मां ब्राह्मी वाहन हंस, मां माहेश्वरी वाहन वृष (बैल), मां कौमारी वाहन मयूर, मां वैष्णवी वाहन गरुड़, मां वाराही व मां नारसिंही तथा मां ऐन्द्री विराजमान है। इसी प्रकार प्राचीनतम ग्रन्थों में शक्ति स्वरूपों का विवरण मिलता है और सभी ग्रन्थों में इनके स्वरूप को अनंत बताया गया है। राज परिवार सदैव से राजमहल से निकलकर इन देवी-मन्दिरों में दर्शन के लिए जाते हैं। माता सतबहनिया की पूजा सेवा श्रीवास्तव परिवार द्वारा किया जा रहा है तथा दोनों नवरात्रों में ज्योति प्रज्ज्वलित की जाती है। मन्दिर पूर्वाभिमुख है और जब आप दर्शन करने जाएगे तो दिव्यता का आभास होगा।

# शासकीय प्राथमिक शाला पथर्रा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित, डॉ. शशि कपूर ने की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला पथर्रा विकासखण्ड कवर्धा में खण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पिपरिया के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्र एवं राज्य की महत्वकांक्षी योजना के तहत पीएम श्री विद्यालयों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ-साथ पालकों एवं ग्रामीणों की भी स्वास्थ्य जांच किया जाना है। जिससे की समुदाय का जुड़ाव शाला से हो सकें।

शिविर शाला की परंपरा अनुरूप मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में रोशन सिंह परिहार उपस्थिति थें, सर्वप्रथम शाला के प्रधान पाठक विनोद चंद्रवंशी ने स्वास्थ्य शिविर आयोजन के उद्देश्य के संबंध में बताया की छात्र-छात्राओं के सतत स्वास्थ्य जॉच से उनके पोषण, स्वास्थ्य में अनियमितता की जानकारी समय पर मिल जाती है जिससे त्वरित ईलाज संभव हो। रोशन सिंह परिहार ने बच्चों एवं ग्रामीणों को स्वच्छता और साफ-सफाई का अच्छे स्वास्थ्य से संबंध में बताया। माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक रामरतन शर्मा ने खान-पान एवं उचित दिनचर्या से स्वस्थ्य जीवन जीने का तरीका बताया व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में खंड चिकित्सा कार्यालय पिपरिया की टीम उपस्थित रही, जिनमें एलके सोनी,बीईटीओ ने छात्र-छात्राओं को किसी भी समस्या की प्रारंभिक सूचना अपने पालकों एवं शिक्षकों को देने एवं निकटतम स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने की बात कही।

धर्मराज मनहर आरएमए ने शिविर में किए जाने वाले जांच एवं इलाज की विस्तृत जानकारी दी। इनके साथ राकेश चन्द्रसेन आरएचओएम शीला जायसवाल, जितेंद्र वर्मा, मुकेश चंद्रवंशी, आयुष्मान मित्र छत्रपाल सिंह राजपूत, लैब टेक्नीशियन का शिविर में महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिस पर शाला परिवार की ओर से शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय चौहान, भगत सिंह मेरावी, सदस्य रामविलास सहित शिक्षक शिक्षिकाओ का शिविर संचालन में सराहनीय सहयोग रहा। ग्राम पथर्रा में विद्यालय से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्तकर जिले में बाल रोग विशेषज्ञ के रुप में ख्याति प्राप्त परिहार हॉस्पिटल कवर्धा के डॉ शशि कपूर सिंह परिहार स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित थें।

उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं स्वास्थ्य सलाह प्रदान किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ शशि ने कहा की बाल स्वास्थ्य हेतु मुख्यतः तीन बातें ध्यान दी जानी चाहिए, पहला स्वच्छता बच्चों को स्वच्छ वातावरण में रखने से बीमारियां दूर रहती हैं। दूसरा पोषण इसके लिए सभी प्रकार के विटामिन प्रोटीन युक्त भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा तीसरा टीकाकरण बच्चों को लगने वाले सभी टीके उन्हें सही समय पर लगवाए जाएं। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### स्वास्थ्य शिविर में पथर्रा व क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण हुए लाभांवित, 30 आयुष्मान कार्ड बने

स्वास्थ्य शिविर में पथर्रा सहित आसपास के सैकड़ों ग्रामीण लाभावित हुए। इस शिविर में विभिन्न समस्याओं के जांच के साथ-साथ उपचार भी किया गया। साथ ही आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। शिविर में लगभग 30 आयुष्मान कार्ड बनाया गया 56 सिकलिंग की जांच की गई, 152 से ज्यादा ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच जैसे बीपी, शुगर जांच आदि का लाभ लिया। साथ ही बुखार, सर्दी-खांसी खुजली एवं अन्य सामान्य रोगों का ईलाज कराया। कार्यक्रम के समापन में डॉ शशि कपूर सिंह परिहार एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को शाला परिवार द्वारा अंगवस्त्र एवं कलम भेंटकर सम्मानित किया गया।


# भोरमदेव महोत्सव के समापन पर सुप्रसिद्ध कलाकार नितिन दुबे ने महोत्सव में बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, पर्यटन, पुरातत्व आदि को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए भोरमदेव महोत्सव का गरिमापूर्ण समापन किया गया। भोरमदेव महोत्सव के समापन समारोह पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार नितिन दुबे द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति सहित सुपर-डुपर गानों की शानदार प्रस्तुति देकर छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को आगे बढ़ाया और मंच का मान बढ़ाया। समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों और दर्शकों ने इस कलाकारों की सराहना की और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। समापन समारोह में देश-विदेश में ख्याति प्राप्त कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। भोरमदेव महोत्सव के दूसरे दिन जिले सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के राष्ट्र स्तरीय लोक कलाकारों ने विभिन्न विधाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों को खूब रोमांचित किया। भोरमदेव महोत्सव बैगा नृत्य के साथ का शुभारंभ हुआ। इसके बाद स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई। कुमार पंडित द्वारा तबला जुगलबंदी सहित प्रदेश के लोक कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही भोरमदेव महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं तथा प्रदेश के लोक कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की लोक संगीतों और लोक नृत्य जैसे कर्मा, सुआ, ददरिया, पंथी आदि नृत्यों से दर्शकों को आनंदित किया।

# देवी-मंदिरों में चैत्र नवरात्र आज से होगा प्रारंभ, मंदिरों में तैयारी पूरी



■ नगर सहित कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

हिंदू नववर्ष का आरंभ 9 अप्रैल से हो रहा है इसी के साथ शुरू होगी शक्ति की आराधना का महापर्व नवरात्रि हिंदू नववर्ष के साथ ही नगर के धार्मिक स्थलों पर विधि विधान से पूजा-अर्चना का दौर प्रारंभ हो जाएगा।

नवरात्रि के 9 दिन मां की उपासना के लिए विशेष महत्व रखते हैं जगत के कल्याण के लिए आदिशक्ति ने अपने तेज को अलग-अलग नौ रूपों में प्रकट किया। जिन्हें हम नवदुर्गा कहते हैं नवरात्रि का समय मां दुर्गा की इन्हीं रूपों की उपासना का समय होता है, जिसके प्रत्येक दिन अलग-अलग रूप का पूजा किया जाता है इस बार चैत्र नवरात्र पूरे 9 दिन के रहेंगे। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार इस दिन ब्रह्मा ने सृष्टि का आरंभ किया था और चैत्र नवरात्रि की शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र में भगवान के मत्स्य अवतार का आविर्भाव हुआ था मंगलवार को अभिजीत मुहूर्त में देवी-मंदिरों में कलश स्थापना और ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे, मंदिरों में नवरात्रि की सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है, नगर पंचायत पाण्डातराई मां महामाया मंदिर, मां संतोषी मंदिर, मां शीतला मंदिर अष्टभुजी दुर्गा मंदिर शक्ति मंदिर सहित सभी देवी-मंदिरों में विशेष पूजन होगा और मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे, मंदिरों में आकर्षक विद्युत सजावट को अंतिम रूप दिया जा रहा है मंदिरों में मनोकामना ज्योति के लिए पंजीयन का क्रम जारी है।

### हिंदू नववर्ष पर निकलेगी भव्य शोभा यात्रा रैली

प्रतिवर्षोनुसार की भांति इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए युवा वर्ग भगवा ध्वजों व तोरण से नगर पंचायत को सजाने मे जुटे हुए हैं, हिंदू नववर्ष के स्वागत लिए पूरा नगर भगवामय चुका है। वहीं चौक-चौराहा तथा गली मोहल्ले भगवा ध्वज लहराते हुए लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं तैयारी में जुटे युवाओं के अनुसार इस बार का हिंदू नववर्ष ऐतिहासिक व भव्य होने वाला है। हिंदू नववर्ष के मौके पर सुबह 9 से युवाओं द्वारा नगर के गुप्ता धर्मशाला से विशाल मोटर सायकल रैली निकाली जाएगी जो नगर के मुख्य मार्गों व गली मोहल्ले तथा चौंक चौराहों से होकर नगर भ्रमण करते हुए नगर के गुप्ता धर्मशाला में संपन्न होगी। आयोजन समिति के सदस्यों में बताया कि शाम 4 से नगर के देहानपारा से विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी, इस शोभा यात्रा की पूरी तैयारी हो चुकी है, आकर्षक झांकी के साथ शोभा यात्रा आकर्षण का केंद्र रहेगी। साथ ही साथ जगह-जगह स्वागत होगा। शोभा यात्रा नगर के शिवालय मंदिर होते हुए सोनी मोहल्ला, बस स्टैंड होते हुए मां महामाया मंदिर पहुंचेगी यहां विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाएगी वहीं शाम 6:30 मां भारती की महा-आरती आयोजित किया जाएगा। इसके लिए सर्व हिंदू समाज द्वारा लगातार बैठक आयोजित किया जा रहा है साथ ही नगर के मुख्य मार्ग सहित गली-मोहल्ले में झंडा व तोरण से सजाया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों व पाण्डातराई वासियों से अपील करते हुए कहा है कि इस भव्य शोभा यात्रा रैली में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेकर 17 अप्रैल को रामनवमी धूमधाम से मनाया जाएगा, इस दिन राम की उपासना पूजा और और राम कथा के पाठ मंदिरों और घरों में जय श्री राम गूंजेंगे।

# जन आशीर्वाद से लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की नींव को मजबूत करेगा: भावना बोहरा



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही सभी पार्टियों ने अपने चुनाव प्रचार-प्रसार तेज कर दिए हैं। इसी कड़ी में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा भी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों एवं कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही हैं।

श्रीमती भावना बोहरा ने सोमवार को राजनांदगांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में कुकदुर मंडल अंतर्गत ग्राम ताईतिरनी, महिडबरा, बदना, कांदाबानी एवं दमगढ़ में जनसंपर्क किया और मोदी की गारंटी एवं विगत 10 वर्षों में केंद्र सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं एवं विकास कार्यों को लेकर जनता से जनसंपर्क कर उन्हें मतदान करने के लिए जागरूक किया साथ ही कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि भाजपा जो वादे करती है उसे पूरा करने के लिए समर्पित भी रहती है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही 100 दिनों के भीतर जिस निरंतरता एवं तत्परता से जनहित के निर्णय लिए गए हैं उसे हर कोई जनता है।

जिसमें महतारी वंदन योजना, आवास योजना, किसानों का दो वर्ष का बकाया बोनस, 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी जैसे अपने वादों को पूरा किया गया यही है मोदी की गारंटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी किए गए ऐतिहासिक कार्यों को जनता भली भांति जानती है, 500 वर्षों बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर का निर्माण कर करोड़ों भक्तों की आस्था का सम्मान करने का काम प्रधानमंत्री ने किया है। श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि राजनंदगांव लोकसभा क्षेत्र से सांसद संतोष पाण्डेय ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कई विकास कार्य किए हैं इसलिए पार्टी ने उनपर विश्वास कर पुनः प्रत्याशी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है। हम सभी कार्यकर्ता भी उनके साथ हैं और पूरी कर्मठता से लोकसभा चुनाव में उन्हें प्रचंड जीत दिलाने के लिए संकल्पित भी है।

भाजपा का प्रमुख उद्देश्य और लक्ष्य सबका-साथ, सबका विकास का है, इसी लक्ष्य व उद्देश्य को लेकर हम जनता के बीच जा रहें हैं और जनसंपर्क के दौरान जनता से हमें अपार समर्थन भी मिल रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा प्रत्येक वर्ग एवं व्यक्ति के लिए किए गए जनहित कार्यों से आज उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। जिसमें आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, किसान सम्मान निधि जैसे सैकड़ों योजनाओं ने आज उन्हें आर्थिक व मानसिक रूप से समृद्ध बनाने का कार्य किया है इसलिए जनता पुनः भाजपा को प्रचंड मतों के साथ जीत दिलाने का संकल्प कर चुकी है। कार्यकर्ताओं में भी उत्साह व जोश चरम पर हैं। घर-घर जाकर जनता को जागरूक करने के साथ ही उन्हें मतदान करने के लिए कार्यकर्ता साथी भी पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों को पूरा कर रहें हैं।

### सभी 11 सीटों में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने का लिया संकल्प

उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी के पास कोई विषय ही नहीं है इसलिए वो जनता को बरगलाने का काम कर रहें हैं और बौखलाहट में अमर्यादित बयान दे रहें हैं। विगत पांच वर्षों में कांग्रेस के शासन में जो बदहाली और अराजकता छत्तीसगढ़ ने देखी है उसका परिणाम 2023 के चुनावों में जनता ने अपने मतदान से दिखा दिया है और जनता फिर से लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने का संकल्प कर लिया है। आज मोदी की गारंटी और विष्णु देव सरकार के नेतृत्व में हम विकसित भारत से विकसित छत्तीसगढ़ के पथ पर अग्रसर हैं और जनता भी इस विकास यात्रा में भाजपा के साथ है। 26 अप्रैल को राजनांदगांव लोकसभा में होने वाले चुनाव में जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ है और 4 जून को हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य को जरुर प्राप्त करेंगे।

# श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा में शामिल हुए राजनांदगांव लोकसभ प्रत्याशी संतोष पांडेय और विधायक भावना बोहरा



हरिभूमि कुण्डा। धर्म नगरी कुण्डा में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का छठवां दिवस पर कथा वक्ता हनुमंत द्वारा चित्रकूट उत्तर प्रदेश श्री श्री 108 श्री धीरेंद्रचार्य महाराज द्वारा चरण पादुका के साथ पूजन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया एवं इस आयोजन में राजनांदगांव लोकसभा के प्रत्याशी संतोष पांडेय, क्षेत्रीय पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर साथ ही साथ जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, पूर्व सरपंच सुरेंद्र सिंह छाबड़ा श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ में उपस्थित होकर पूजा-अर्चना व आशीर्वाद प्राप्त किया। धर्म नगरी कुण्डा में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा सुनने आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं व भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ी। साथ ही साथ रात्रि कालीन श्रीराम लीला जिला बालोद द्वारा कुण्डा सहित आसपास के रहवासियों को श्रीराम कथा का शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी जा रही है। श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा सुनकर भक्तजन अपने जीवन को कृतार्थ करें है।

# पेण्ड्रीकला में मतदाता जागरुकता हस्ताक्षर अभियान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के उद्देश्य को लेकर मतदाताओं को हस्ताक्षर अभियान के तहत जन-जागरूकता किया जा रहा है। मतदाता लोकतंत्र का अहम हिस्सा है, मतदाता के मतदान द्वारा ही लोकतंत्र का निर्माण होता है। देश के निवासी ही चुनावों के माध्यम से देश का भविष्य तय करते हैं। मतदान एक नागरिक का अधिकार है, साथ ही साथ यह एक कर्तव्य भी है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और अपने देश के विकास में योगदान देना चाहिए, हम अपने मतदान का सही उपयोग करें, मतदान के माध्यम से हम समाज में बदलाव ला सकते हैं, हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में किस तरह का समाज हो, हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में सभी नागरिक के अधिकारों की रक्षा हो, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और समाज में परिवर्तन लाएं। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में मतदाताओं के इसी महत्व को प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान त्यौहार में शामिल होने के तारतम्य में शिक्षकों के द्वारा गांव-गली, चौक-चौराहों व घर-घर जाकर कोरे सफेद कपड़े में मतदाताओं के हस्ताक्षर लेकर मतदान के लिए निमंत्रण स्वरूप अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है।

इस अभियान में प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक सह संकुल समन्वयक विष्णु प्रसाद चंद्राकर, शिक्षादूत भुनेश्वर सिंह चौहान, बुद्धेश्वर राम प्रधान, रामनिहोरा चंद्रवंशी, सुश्री जानकी चुरेन्द्र, सुरेन्द्र कश्यप, प्राथमिक शाला नवापारा के प्रधान पाठक अशोक चंद्रवंशी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बिन्दा बंजारे, सहायिका मानकी यादव, प्रीतम कश्यप सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

**हत्या: शराबखोरी के लिए जमीन बेंचने को लेकर कर दी पिता की डंडे से पीटपीटकर हत्या**

# पिता को मौत के घाट उतारने वाला कलयुगी पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जमीन बेंचकर शराब पीने के विवाद को लेकर एक कलयुगी पुत्र ने अपने ही पिता की डंडे लाठी से पीट पीटकर बड़ी बेरमी से हत्या कर दी। जिले के थाना कुकदुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम कामठी के इस मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची कुकदुर पुलिस ने मौके से मृतक का शव बरामद कर आरोपी पुत्र को अपराध क्रमांक 56/24 धारा 302 भादवि के तहत गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कामठी निवासी गोनाथ उर्फ रामनाथ यादव पिता मायाराम यादव आयु 55 वर्ष का गत 6 अप्रैल की रात करीब 10.00 बजे अपने ही घर पर अपने पुत्र मनोज कुमार यादव पिता गोनाथ उर्फ रामनाथ यादव आयु 30 वर्ष निवासी कामठी से विवाद हो गया। बताया जाता है कि पुत्र मनोज अपने पिता की शराबखोरी से त्रस्त था। घटना दिनांक को भी मनोज का पिता गोनाथ शराब के नशे में धुत्त था और अपने पुत्र से विवाद कर रहा था। इसी दौरान पुत्र मनोज ने अपना आपा खो दिया और यह कहते हुए की पहले ही जमीन बेंच बेंचकर शराब पी गए हो और अब बची जमीन को भी अपने नशे में उड़ाना चाहते हो, पिता की डंडे लाठी से जमकर पिटाई शुरू कर दी। जिससे गोनाथ उर्फ रामनाथ यादव मौके पर ही ढेर हो गया और उसकी मौत को गई। पिता की मौत के बाद आरोपी पुत्र मनोज मौके से फरार हो गया। बाद में आस पड़ोस के लोगों ने इस घटना की जानकारी कुकदुर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 56/24 धारा 302 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसकी तलाश शुरू की। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने आरोपी के ठिकाने में दबिस देकर उसे दबोच लिया। इस कार्यवाही में कार्यवाही में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया पंकज पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक व्यासनारायण चुरेन्द्र, सहायक उप निरीक्षक प्रहलाद चंद्रवंशी, शिवेन्द्र मोहन उपाध्याय, प्रधान आरक्षक मनोज तिवारी, आरक्षक सुनील नायक, आरक्षक रम्हीं ध्रुर्वे आरक्षक संदीप पाण्डेय, आरक्षक दुजराम, आरक्षक विनोद चतुर्वेदी, आरक्षक प्रकाश सिन्द्राम, आरक्षक कृष्ण कुमार धुर्वे का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

**वनांचल में शराबखोरी बन रही हत्या का कारण**



जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचलों में जमकर हो रही शराबखोरी लगातार हत्या का कारण बन रही है। स्थिति ये है कि जिले के कुकदुर, चिल्फी, बोड़ला, रेंगाखार जंगल तथा तरेगांव जंगल जैसे वनांचल ईलाकों के थाना क्षेत्रों में आए दिन इस तरह की हत्याओं के मामले सामने आ रहे हैं। जिसमें शराब के नशे में या शराब के कारण वनवासी अपने ही परिवार के सदस्यों को भी मौत के घाट उतारने से गुरेज नहीं कर रही है। कभी पति अपनी पत्नी की हत्या कर रहा है तो कभी बेटा अपने पिता के मौत के घाट उतार रहा है। निश्चित रूप से ये मामले चिंताजनक है।

# पंडरिया के वनांचल इलाकों में बेमौसम बारिश के साथ ओलावृष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मार्च माह के तीसरे हप्ते में लगातार कई दिनो तक हुई बेमौसम बारिश और भारी ओला वृष्टि के बाद अब अप्रैल माह के दूसरे हप्ते में भी बीते दो दिनो से अंचल के मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। जिसके चलते बीते दो दिनो से कवर्धा सहित समूचे जिले के आसामान में काले बादलों के साथ तेज हवा, आकाशीय बिजली, बेमौसम बारिश तथा ओला वृष्टि का खतरा बना हुआ है।

जानकारी के मुताबिक इसी कड़ी में सोमवार को जिले के विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ग्राम नेऊर गांव, कुई कुकदुर सहित आसपास के ईलाकों में जमकर बेमौसम बारिश के साथ ओला वृष्टि भी हुई। हालांकि वनवासियों की माने तो इस समय वनांचल ईलाकों में खेती किसान के कामो में ब्रेक लगे होने के कारण इयस बेमौसम बारिश तथा ओला वृष्टि का फसलों पर तो विपरीत प्रभाव पड़ने का कोई सवाल ही नहीं उठता लेकिन जहां तक जंगलों में तैयार हो रही है अथवा हो चुकी वनोपज में जरूर इसका विपरीत प्रभाव देखा जा रहा है। इसके अलावा वनवासियों की बाड़ियों में लगी साग सब्जी भी ओला वृष्टि में प्रभावित होने की आशंका बनी हुई। दूसरी तरफ बेमौसम बारिश से अभी भी धान खरीदी केन्द्रों में असुरिक्षत ढंग से पड़ी हजारों क्विंटल धान भी बर्बाद हो रही है।





**भीषण गर्मी से मिली राहत**

यहां बताना लाजिमी होगा कि सोमवार को अचानक बदले पंडरिया वनांचल के मौसम के बीच करीब आधे घंटे तक हुई तेज बारिश के साथ ओला वृष्टि से अंचल का मौसम सुहाना हो गया और लोगों को अप्रैल माह की तेज गर्मी तथा चटख धूप से काफी हद तक राहत मिली। हालांकि माना जा रहा है कि इस तरह कि बेमौसम बारिश तात्कालिक रूप से तो लोगों को सुकून देती है लेकिन बाद में इसके सेहद पर विपरीत प्रभाव भी देखने को मिलते हैं। इसके अलावा इस तरह के मौसम में आकाशीय बिजली के साथ तेज आंधी तूफान का भी खतरा बना रहता है जो लोगों के साथ ही ग्रामीणों के मवेशियों के लिए जीवन लेवा साबित होता है।

**खबर संक्षेप**

## खोलवा स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कवर्धा।** पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय के लिए चयनित विकासखण्ड स/लोहारा के सुदूर वनांचल क्षेत्र में बसे संकुल ग्राम खोलवा के प्राथमिक शाला में उच्च कार्यालय के आदेशानुसार गत दिनो 10 डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है के तर्ज पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 106 छात्रों का स्वास्यि परीक्षण किया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों को टूथब्रश, कोलगेट प्रदान किया गया साथ में जन समुदाय का भी परीक्षण किया गया। इसी कड़ी में सत्र 24-25 के लिए कक्षा 5 वी के मेघावी छात्र गौरव मरकाम, अनिता धुर्वे जिनका नवोदय व भोरमदेव कन्या परिसर के लिए चयन हुआ है उनका संकुल समन्वयक शिवलाल मार्कण्डेय द्वारा तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर और स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रों के द्वारा सुंदर मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। अंत में प्रधान पाठक मनोज कुमार साहू द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी डॉक्टरों की टीम, शिक्षकों, बच्चो व जनसमुद के प्रबति आभार व्यक्त किया।

## महोत्सव में मतदाताओं को दिलाई गई शपथ

**कवर्धा।** भोरमदेव महोत्सव 2024 के समापन अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने लोकसभा निर्वाचन के लिए 26 अप्रैल को मतदान दिवस के दिन मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करके लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की। उन्होंने महोत्सव में उपस्थित सभी लोगों को मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले में बनेंगे 32 आदर्श मतदान केंद्र

**कवर्धा।** राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले की दोनों विधानसभा में 32 आदर्श मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। विधानसभा पंडरिया में 16 और विधानसभा कवर्धा में 16 आदर्श मतदान केंद्र बनेंगे। इनमें 20 महिला मतदान केंद्र, दो दिव्यांग मतदान केंद्र और 10 युवा मतदान केंद्र शामिल है। इन बूथों में मतदाताओं और बुजुर्गों को जानकारी और सहायता के लिए स्काउट गाइड, नेहरू युवा केंद्र, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग के वॉलिंटियर्स मौजूद रहेंगे। इन मतदान केंद्रों में सेल्फी जोन भी लगाए जाएंगे।

# शक्ति की भक्ति का पर्व नवरात्र आज से देवी मंदिरों में जगमगाएंगे आस्था के दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा सहित समूचे अंचल में चैत्र नवरात्र का पर्व धूधाम से मनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 9 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले शक्ति की भक्ति के इस पर्व को लेकर श्रृद्धांलुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

हर बार की तरह इस बार भी श्रृद्धालुओं द्वारा नगर सहित अंचल के शक्तिपीठों में सैकड़ों की संख्या में मनोकामना ज्योजि कलश प्रज्जवलित कराए जा रहे हैं। जो चैत्र नवरात्र के पहले ही दिन से शुभ मुहुर्त में आदि शक्ति के चरणों में जगमगाने लगेंगे। उल्लेखनीय है कि धर्म नगरी कवर्धा को शक्तिपीठों का गढ़ कहा जाता है और यहां चैत्र व क्वांर नवरात्र का पर्व हर साल धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ पूरी श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया जाता है। धर्म और आस्था की इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी नगर में स्थापित मां विंध्यवासनी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां गायत्री मंदिर, मां संतोष मंदिर, मां काली मंदिर, मां सतबहनिया मंदिर, मां चण्डी मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में चैत्र नवरात्र पर्व की जोरदार तैयारियां की गई है।

पर्व के पूर्व ही मंदिर समितियों द्वारा मंदिरों की रंगाई पुताई व साफ-सफाई का कार्य पूर्ण कर ज्योति कलश कक्षों की तैयारियां पूरी कर ली गई है। यहां बताना लाजमी होगा कि इन शक्ति पीठों में हर साल नवरात्र पर्व के मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा हजारों की संख्या में मनो कामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित कराए जाते हैं और आज से देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्जवलित कराये गये मनोकामना ज्योतिकलश जगमगाने लगेंगे। सार्वधिक मनोकामना ज्योतिकलश नगर के प्रमुख शक्तिपीठ मां विंध्यवासनी मंदिर में प्रज्जवलित कराए जाते हैं।

जिसे देखते हुए मंदिर समिति द्वारा खास इंतजाम किए गए हैं। मंदिर में मनोकामना ज्योतिकलश के लिए विशाल कक्ष तैयार किया गया है। इसके अलावा पर्व के मद्देनजर मंदिर की रंगाई-पुताई, साफ-सफाई कर आकर्षक साज सज्जा की गई है। ऐसी ही तैयारियां नगर के दूसरे शक्तिपीठों में भी की गई है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि एक बार फिर नगर व अंचलवासियों ने शक्ति की भक्ति करने की पूरी तैयारियां कर ली है।

# रसोई गैस सिलैण्डर के लिए ग्रामीण उपभोक्ताओं को नापनी पड़ रही लम्बी दूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा अपनी उज्जवला योजना के तहत घर-घर धुंआ रहित रसोई गैर सिलैण्डर तो पहुंचा दी है लेकिन इन रसोई गैस सिलैण्डर की रिफलिंग की व्यवस्था आज तक कई ईलाकों में नहीं की गई है। जिसके कारण विशेषकर ग्रामीण तथा वनांचल के उपभोक्ताओं को लम्बी दूरी तय करनी पड़ रही है। हालांकि कुछ रसोई गैस ऐजेंसियों ने अपने उपभोक्ताओं को घर पहुंच सेवा दे रखी है। लेकिन बताया जा रहा है कि जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के ग्रामीण व वनांचल ईलाकों में इण्डेन गैस ऐजेंसी द्वारा दी गई घर पहुंच सेवा पिछले कई दिनो से बंद कर दी गई है। जिसके कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है और उन्हें रसोई गैस सिलैण्डर के लिए 40 से 50 किलो मीटर तक की लम्बी दूरी तय कर पंडरिया से रिफलिंग करानी पड़ रही है। इस संबंध में ऐंजेंसी संचालक की दलील है कि ऊपर से रसोई गैस सिलैण्डर की आपूर्ति कम हो रही है जिसके कारण दूर दराज के ईलाकों में रसोई गैस सिलैण्डर नहीं पहुंच पा रहे हैं। ऐसे में अंचल के उपभोक्ताओं ने शासन-प्रशासन से व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।



# मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कबीरधाम जिला के दोनों विधानसभा में मतदान केन्द्र की मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने, डाक मतपत्र तथा वेब कास्टिंग के संबंध में जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, जनपद सीईओ, नगरीय निकाय अधिकारियों, विद्युत और लोक निर्माण विभाग, पीएचई विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में मतदान केन्द्रों की स्थिति, मतदान दलों के रूट चार्ट आने-जाने का रास्ता, वेब कास्टिंग सहित निर्वाचन गतिविधियों से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण तैयारियों पर समीक्षा हुई। कलेक्टर श्री महोबे ने संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के अंतर्गत कबीरधाम जिले के विधानसभा पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के कुल 804 मतदान केन्द्रां की गहन समीक्षा की। उन्होने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मूलभूत सुविधाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि अप्रैल में अधिक गर्मी रहने की संभावना को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल एवं अन्य उपयोग के लिए जल पर्याप्त होना चाहिए। पेयजल के लिए मतदान केंद्र में प्याऊ केंद्र रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन के गाइड लाइन के अनुसार सभी मतदान केन्द्रों के लिए मेडिकल कीट उपलब्ध होना चाहिए। उन्होने सभी मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं, जैसे मतदान भवन केन्द्र की अच्छी स्थिति सहित बिजली, पानी, छांव, रैंप, फर्नीचर, शेड, महिला एवं पुरूष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था कराने निर्देश दिए हैं।

## हिन्दू नववर्ष का भव्य स्वागत आज, निकाली जाएगी विशाल बाइक रैली एवं भव्य शोभायात्रा

**कवर्धा।** हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर मंगलवार 9 अप्रैल को कवर्धा नगर एवं जिले के समस्त नगर पंचायतों में हिंदू नववर्ष उत्सव समिति के द्वारा धूमधाम एवं उत्साह पूर्वक स्वागत हेतु तैयारी पूर्ण हो गई है। हिंदू नववर्ष के स्वागत में युवा तरुणाईयो के द्वारा भारत माता की जय, जय जय श्री राम के जयघोष के साथ विशाल बाइक रैली का आयोजन प्रातः 9.00 से किया गया है जो स्थानीय महामाया मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर शहर के सभी वार्डों का भ्रमण करेगी। इसी प्रकार मातृशक्तियों के द्वारा वीरांगना बाइक स्कूटी रैली शाम 4.00 बजे सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगी। संपूर्ण हिन्दू समाज द्वारा सायं 5.00 बजे मां महामाया मंदिर कवर्धा से विशाल शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली जाएगी। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो, चौक चौराहों से होते हुए शाम 7.30 बजे एकता चौक जहां भारत माता की दिव्य एवं भव्य महाआरती की जाएगी। हिंदू नववर्ष के स्वागत के लिए कवर्धा नगर के प्रत्येक वार्ड चौक चौराहों को भगवा ध्वज से सजाया गया है। शोभायात्रा में भारत माता की झांकी, श्री राम दरबार की झांकी एवं नव दुर्गा की आकर्षक झांकी प्रदर्शित की जाएगी। शोभायात्रा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध वाद्य यंत्र, धूमल, डीजे, डंडा नाचा, रामधुनी सजी होगी जो राजमहल चौक, बूढ़ा महादेव चौक, करपात्री चौक, ऋ षभदेव चौक, एकता चौक, गुरु नानक गेट चौक, ठाकुर देव चौक, आजाद चौक होते हुए ठाकुर पारा मां काली मंदिर से होकर गुजरेगी। इस दौरान विभिन्न समाजों द्वारा शोभा यात्रा का चौक चौराहों में स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। हिंदू नववर्ष उत्सव समिति ने शहर एवं जिलेवासियों से आह्वान किया है कि हमारी संस्कृति के इस महान पर्व के स्वागत में अपने-अपने घरों में रंगोली सजाएं रात्रि में मंगल दीप जलाएं तथा नगर के युवा तरुणाई, गणमान्य नागरिक, माताएं बहने, व्यवसायी, धार्मिक संगठनों के कार्यकर्ता, दुर्गा उत्सव समिति, गणेश उत्सव समिति, महिला संगठन, राजनीतिक संगठन के कार्यकर्ताओं तथा सभी धर्म प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

# जंगल में फायर कैम्प बनाकर रखी जा रही है निगरानी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वनमंडल तरेगांव परिक्षेत्र में वनों को आग से बचाने के लिए तरह-तरह के उपाय किए जा रहे हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। संभवतः यही वजह है कि फायर दुर्घटना से इस साल अभी तक कोई बड़ी हानि नहीं हुई है।

वहीं जंगलों में बाहरी लोगों के प्रवेश पर नियंत्रण रखा जा रहा है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार तरेगांव के आसपास छूही बीट तथा लरबकी, दलदली कुकरापानी में फायर कैंप से अग्नि पर नियंत्रण रखने के लिए सुरक्षा श्रमिक एवं संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्यों के सहयोग से लगातार निगरानी रखी जा रही है। वन अमले द्वारा लगातार गस्त कर जंगल में आग नहीं लगने देने की कवायद की जा रही है। वही दलदली और कुकरापानी सर्किल अंतर्गत सभी बीटों में गांव में मुनादी कराया जाकर ग्राम वासियों को जागरूक किया गया है ।वन विभाग द्वारा गांव के घरों में दिवारों पर नारे एवं स्लोगन भी लिखवाए हैं। जंगल में लगने वाली आग को बुझाने के लिए ग्रामवासियों का सहयोग लिया जा रहा है। कहीं कैम्प में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है।

**वन विभाग का अमला अलर्ट मोड पर**

वन क्षेत्र में जहां-जहां महुआ के वृक्ष हैं उसके नीचे फायर ब्लोअर के माध्यम से सुखे पत्तियों को एकत्रित कर नियंत्रित आग लगाया जाकर वन क्षेत्र को आग से सुरक्षित रखा जा रहा है। वन विभाग के मैदानी अमला, सुरक्षा श्रमिक, फायर वाचर तथा समिति के सदस्य लगातार वनों में अग्नि सुरक्षा के लिए गस्त कर रहे हैं। बोक्करखार सर्कल के ढोलबच्चा बीट में अनोखी पहल की जा रही है। इसके लिए स्पीकर के माध्यम से गांव में घूम कर मुंनादी कराया गया है। साथ ही वन क्षेत्र में लाउडस्पीकर से वनों की सुरक्षा के लिए भी लगातार आगाह किया जा रहा है। वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि वन क्षेत्र में ज्वलनशील सामग्री लेकर घूमने, प्रवेश करने, बीड़ी सिगरेट पीते पाए जाने, कहीं पर भी आग लगाते पाए जाने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (1) ग के तहत सख्त कार्यवाही की जा रही है। लोगों को समझाया जा रहा है कि वन क्षेत्र में ज्वलनशील पदार्थ लेकर न जाएं। अन्यथा वन अपराध कायम किया जायेगा। ग्रामीणों को लगातार आग बुझाने में वन विभाग की मदद के लिए जागरूक किया जा रहा है। जंगल में आग लगाना अपराध है और अपराधी को बक्शा नहीं जायेगा। सख्त कार्यवाही की जायेगी और इसके लिए कानून में प्रावधान भी है।

**निर्वाचन के लिए कमीशनिंग कार्य सबसे अहम कड़ी, गंभीरता पूर्वक लें प्रशिक्षण: कलेक्टर**

# ईव्हीएम एवं वीवीपैट कमीशनिंग कार्य के लिए दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में राजनांदगांव लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा पंडरिया 71 और 72 कवर्धा के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट कमीशनिंग के लिए प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि निर्वाचन के लिए कमीशनिंग कार्य सबसे अहम कड़ी है। निर्वाचन कार्य के अबाधित एवं सुचारू रूप से संपादन के लिए कमीशनिंग कार्य का पूर्ण गुणवत्तापूर्वक किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को कमीशनिंग के दौरान उचित ढंग से सिलिंग करने कहा। उन्होंने कहा कि कमीशनिग का कार्य महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। इसे गंभीरतापूर्वक करने की आवश्यकता है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, कवर्धा एसडीएम अनुपम आशीष टोप्पो, पंडरिया संदीप ठाकुर डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री गीता रायस्त उपस्थित थे। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 26 अप्रैल को मतदान कार्य किया जाएगा। इसके लिए उपयोग में आने वाली ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों का कमीशनिंग के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इनमें बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीन का कमीशनिंग किया जाना है। उन्होंने अधिकारियों को कमीशनिंग कार्य को उचित ढंग से करने निर्देशित किया। कलेक्टर श्री महोबे ने अधिकारियों को उनके दायित्व और जिम्मेदारी से अवगत कराया। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि वे अपने सेक्टर के अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों के संबंध में सभी प्रकार की गतिविधियों से अवगत रहे।

